तापमान

अधिकतम 29.5 डिग्री

न्यूनतम 18.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



लालखदान क्षेत्र में हुकिंग कर की जा रही बिजली की चोरी।

## खबर संक्षेप

### शाखा डाकघरों में स्पीड पोस्ट बुकिंग की सुविधा

**बिलासपुर।** डाक विभाग द्वारा आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब शाखा डाकघरों में भी स्पीड पोस्ट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस सेवा के माध्यम से नागरिक अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज, आवेदन पत्र, पार्सल एवं अन्य सामग्री को तेज, सुरक्षित एवं विश्वसनीय तरीके से देश के किसी भी हिस्से में भेज सकते हैं। स्पीड पोस्ट बुकिंग के लिए अब मुख्य डाकघर या उपडाकघर जाना अनिवार्य नहीं है, बल्कि नागरिक अपने नजदीकी शाखा डाकघर से ही यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। डाक विभाग के अनुसार यह सेवा विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के निवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। अधिक जानकारी के लिए नागरिक अपने नजदीकी शाखा डाकघर से संपर्क कर सकते हैं तथा डाक विभाग की इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

### आधार नामांकन एवं अपडेट हेतु विशेष शिविर कल

**बिलासपुर।** भारतीय डाक विभाग, बिलासपुर संभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में आधार नामांकन एवं आधार अपडेट सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु विशेष आधार शिविर का आयोजन 7 फरवरी शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। उक्त शिविर के माध्यम से नागरिक नया आधार कार्ड बनवा सकेंगे तथा आधार में पता, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, बायोमेट्रिक एवं ई-मेल आईडी सहित अन्य आवश्यक अपडेट करवा सकेंगे। विशेष रूप से 5 वर्ष एवं 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए बायोमेट्रिक अपडेट अनिवार्य होने के कारण अभिभावक अपने बच्चों का निःशुल्क आधार अपडेट इस अवसर पर करा सकते हैं। डाक विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए स्वयं एवं अपने बच्चों के आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्य समय पर पूर्ण कराएं।

### ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया जाएगा कल

**बिलासपुर।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 फरवरी को रोजगार दिवस मनाया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा शासकीय सेवाओं को डिजिटल माध्यम से सुलभ बनाना है। रोजगार दिवस के अवसर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को वीबी जीरामजी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को उनके अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जागरूक करते हुए सामूहिक रूप से अधिकार संरक्षण का संकल्प भी दिलाया जाएगा। इसके साथ ही समस्त ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड स्कैनिंग की प्रक्रिया भी कराई जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रोजगार दिवस के आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा अधिक से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स हेतु आवेदन 14 तक

**बिलासपुर।** शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश हेतु 14 फरवरी तक आवेदन फार्म जमा किए जा रहे है। इच्छुक आवेदिका जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर एवं फैशन डिजाइनिंग एवं सिलाई कोर्स हेतु आवेदन कर सकती है। प्रवेश हेतु आवदेन फार्म एवं विस्तृत जानकारी हेतु संस्था कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

डिप्टी कमिश्नर सहकारिता विभाग का कमाल

# मल्टीलेवल पार्किंग की तीसरी मंजिल में कंडम हालत में खड़ा वाहन हर हफ्ते पी रहा है 25 लीटर डीजल

### पिछले छह महीने से कंडम टाटा सुमो के नाम पर भरवा रहे डीजल

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर

एसपी आफिस परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की तीसरी मंजिल की छत पर जुलाई महीने से कंडम हालत में खड़ी टाटा सुमो के नाम पर हर हफ्ते 25 लीटर डीजल भरवाया जा रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि डीजल भरवाने के बाद पुलिस पेट्रोल पंप से इसकी पर्ची भी कटवाई जा रही है। डिप्टी कमिश्नर सहकारिता विभाग का उक्त वाहन जब कंडम हालत में है, तो इसके नाम पर भरवाया जा रहा डीजल कहां जा रहा है, यह जांच का विषय है।

सहकारिता विभाग की टाटा सुमो क्रमांक सीजी-02 3516 जिस पर डिप्टी कमिश्नर आवागमन करते हैं, बहुत पुरानी व कंडम हालत में होने के कारण जुलाई महीने से वाहन को एसपी आफिस परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की तीसरी मंजिल की छत पर रख दिया गया है। वाहन पर जमी धूल इस बात की गवाह है कि वाहन बीते छह महीने से वहीं खड़ी है, और पूछताछ के दौरान इस बात की पुष्टि स्वयं डिप्टी कमिश्नर ने भी की है। सवाल यह है कि जब वाहन कंडम हालत में है, और इसका पिछले छह महीने से उपयोग भी नहीं किया जा रहा है, तो इसके नाम पर लिया जा रहा डीजल कहां जा रहा है? यह भी संभव है कि डीजल किसी और वाहन में डाला जा रहा हो। डीजल पंप से डीजल लेने वाले के द्वारा अगर कहीं और बेचा भी जा रहा हो तो भी इसमें कोई आश्चर्य नहीं है। जानकारों की मानें तो यह कृत्य सीधे चोरी व गबन की श्रेणी में आता है, जिसमें दोषी व्यक्ति से न केवल वसूली, बल्कि संबंधित के खिलाफ अपराध भी दर्ज कराए जाने का प्रावधान है।







### कब-कब भरवाया गया डीजल

कंडम टाटा सुमो के नाम पर पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप से जनवरी महीने में पांच बार डीजल भरवाया गया है। इसके अंतर्गत 2 जनवरी, 9 जनवरी, 16 जनवरी, 22 जनवरी व 29 जनवरी को डीजल भरवाकर पर्ची ली गई है। इसी तरह दिसंबर महीने में भी 2 दिसंबर, 11 दिसंबर, 15 दिसंबर, 19 दिसंबर, 26 दिसंबर व 30 दिसंबर को कुल छह बार डीजल भरवाकर पर्ची प्राप्त की गई है। ज्ञात हो कि डीजल की मात्रा हर बार 25 लीटर ही होती है, जिसका पेट्रोल पंप प्रबंधन द्वारा जारी की जाने वाली पर्ची में उल्लेख है।

### ऐसी कोई बात नहीं है

टाटा सुमो पिछले छह महीने से मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ी है, लेकिन इसमें डीजल डलता है ये किसने कहा? ऐसी कोई बात नहीं है।

-**चंद्रशेखर जायसवाल**, डिप्टी कमिश्नर सहकारिता विभाग

जूनापारा क्षेत्र के टिकरीपारा में हुआ भीषण हादसा

# एक बाइक पर सवार था पूरा परिवार, पिकअप ने मारी टक्कर, हादसे में पति, पत्नी और बेटी की मौत

बेलपान मेला घूमकर जा रहे थे अपने गांव




वह पिकअप जिसने बाइक को टक्कर मारी।



हादसे में मृत पति पत्नी व बालिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलपान मेला घूमकर एक बाइक पर सवार पूरा परिवार अपने घर लौट रहा था, रास्ते में तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, हादसे में पति, पत्नी और एक बेटी की मौत हो गई, वहीं दूसरी बेटी घायल हो गई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, 5 फरवरी को रतनपुर मोहदा दोना सागर निवासी निवासी जमनेश यादव पिता महेत्तर यादव 36 साल अपनी पत्नी संतोषी यादव, बेटी शानू यादव 12 साल, अनिषा 13 साल को लेकर बेलपान मेला गए थे। मेला घूमने के बाद दोपहर 2.45 बजे चारों बाइक क्रमांक सीजी 10 एए, 0364 से वापस गांव लौट रहे थे। जूनापारा क्षेत्र के टिकरीपारा मोड़ पर बस खड़ी हुई थी।

उन्होंने बस के किनारे से बाइक मोड़कर आगे निकलने की कोशिश की। इसी दौरान लोरमी की ओर से आ रहे बोलेरो पिकअप क्रमांक सीजी 28 आर, 7108 के चालक संदीप यादव ने तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जूनापारा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों घायलों को इलाज के लिए कोटा अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद जलेश यादव, संतोषी यादव, अनिषा यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सानू को सिम्स रिफर कर दिया गया। परिजन ने बच्ची को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है।

### बाइक को टक्कर मारकर पलटा हाइवा, तीन घायल

जूनापारा पुलिस के अनुसार, 5 जनवरी को मूर्तिपारा निवासी अजीत जांगड़े अपनी भांजी प्रीति जांगड़े, अंजली जांगड़े को लेकर बाइक क्रमांक सीजी 28 यू, 3868 में सवार होकर लोरमी से जा रहे थे। सुबह 9 बजे डोमनपुर तिराहे के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे हाइवा क्रमांक सीजी 09 जेओ, 3295 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, हादसे के बाद हाइवा सड़क किनारे उतरकर पलट गया। हादसे में बाइक सवार मामा व दोनों भांजी घायल हो गए हैं।




सराफा दुकान जहां से ठगी की गई।

## सराफा व्यापारी से 37 लाख रुपए के सोने के जेवर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के एक सराफा व्यापारी से राजस्थान के ठग ने खरीदने का झांसा देकर 37 लाख रुपए के 224.670 ग्राम सोने के जेवर मंगा लिया और फरार हो गया। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, तेलीपारा अजीत होटल के सामने स्थित श्री लीला ज्वेलर्स के संचालक तुषार दोशी 44 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 6 मार्च 2024 को एक व्यक्ति उनकी दुकान में आया। उसने अपना नाम कमलेश सोनी, राम सिल्वर 156 सी, दाउजी की बावड़ी, नाकोड़ा नगर उदयपुर राजस्थान का होना बताया। उसने खुद को सोना चांदी के आभूषणों का व्यापारी बताते हुए व्यापारिक लेनदेन के लिए भरोसा दिलाया। उसने तुषार दोशी को 22 कैरेट सोने के जेवर लेकर उन्हें बाजार में बेचकर राशि वापस करने की बात कही। उसकी बातों में आकर तुषार दोशी ने 224.670 ग्राम सोने के हार, कंगन कीमत 36 लाख 86 हजार को बुक किया।

श्री दोशी ने 20 मार्च को सोने के जेवर को कुरियर के माध्यम से उदयपुर स्थित राम सिल्वर के पते पर भेज दिया। जेवर मिलने पर उक्त व्यक्ति ने श्री दोशी के बैंक खाते में 6 हजार 500 रुपए आनलाइन पेमेंट किया। उसके बाद वह न तो पैसा न जेवर वापस कर रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कमलेश सोनी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लाभ कमाने का झांसा देकर साढ़े 15 लाख की ठगी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, राजीव गांधी चौक निवासी कमलेश गवेल पिता यशवंत गवेल ने रिपोर्ट लिखाई। सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से कोरबा एसईसीएल निवासी युवती रेवती मैत्री से उनकी दोस्ती हुई। बातचीत के दौरान रेवती मैत्री ने उन्हें बताया, नैस्वीज रिटेल्स प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली के कंपनी से जुड़ी है। उस कंपनी में स्टेमसेल्फ प्रोडक्ट फाइटोविज जो शरीर में बहुत से बीमारियों के लिए इलाज इस दवा के माध्यम से किया जाता है। 1 डिब्बे की कीमत 16 हजार रुपए है। कंपनी में जुड़ने के लिए पहले 16 हजार जमा करना पड़ेगा। उसके जितने कस्टमर जुड़ेगे उसका कमिशन मिलेगा। श्री गवेल उनकी बातों में आकर वह कंपनी में जुड़ गए। रेवती मैत्री ने उन्हें इमरान खान, मोहम्मद रहीस से कोरबा के दीनदयाल मार्केट में सिटी सेंटर के आफिस में मिलाया। उन्हें लालच देकर अलग अलग किश्तों में 8 लाख रुपए नकद व 7 लाख 50 हजार रुपए जमा करा लिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रेवती मैत्री, इमरान खान, मो. रहीस के खिलाफ धारा 420, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बुजुर्ग से 36 लाख की ठगी

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि खमतराई रामाग्रीन सिटी निवासी लक्ष्मी कुमार बैसवाडे 71 साल ने रिपोर्ट लिखाई। अक्टूबर 2025 में उनके मोबाइल आनलाइन एक एड आया, जिसमें निवेश करने पर लाखों रुपए का आमदनी होने बात कही गई थी। उन्होंने सरकारी वेबसाइट है यह सोचकर अलग अलग किस्तों में 35 लाख 74 रुपए निवेश कर दिया। मुनाफा नहीं मिलने पर उन्होंने संपर्क किया तो मोबाइल बंद मिला और वेबसाइट फर्जी निकली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# स्वास्थ्य विभाग में नियमों को ताक पर रख पदोन्नति, आज से शुरू होगी जांच

- **संयुक्त संचालक कार्यालय में भर्राशाही, 42 सहायक ग्रेड के रिक्त पद पर 66 की पदस्थापना**

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग में नियम को धता बताकर की गई पदोन्नति और नवीन पदस्थापना की परतें उधड़ती जा रही हैं। यह पता चला है कि 42 सहायक ग्रेड के रिक्त पदों पर 66 की पदस्थापना कर दी गई है, साथ ही परिचितों को शहर लाने का प्रयास किया गया है। शिकायत के बाद कमिश्नर सुनील जैन ने 4 सदस्यों की टीम गठित कर मामले की जांच शुरू कर दी है। 6 फरवरी को टीम दस्तावेजों का परीक्षण करने जेडी कार्यालय पहुंचेगी।

संयुक्त संचालक संभागीय स्वास्थ्य सेवायें द्वारा जारी पदोन्नति आदेश को लेकर शिकवे शिकायतों का दौर चल रहा है। आरोप लगाया जा रहा है कि अपात्र ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला जारी वरिष्ठता सूची में हेर-फेर कर पदोन्नत किया है। नियमानुसार पदोन्नति करने के पहले संधारित रिक्त पद देखा जाता है उसके बाद ही उतने पदों पर पदोन्नति दी जाती है, लेकिन पदोन्नति समिति ने न तो रिक्त पद से अधिक पदों पर जांच की है और न ही वरिष्ठता सूची देखी है। खास बात यह है कि समिति के दो सदस्यों को इस विषय में जानकारी तक नहीं है। रायगढ़ में लेखपाल के 1 पद के विरुद्ध 3 की पदस्थापना, सारंगढ़ में लेखपाल 1 पद पर 2 लेखापाल की पदस्थापना, सीएचसी पथरिया में 1 पद के विरुद्ध दो की पदस्थापना की गई है। खास बात यह है कि दो दिन बाद 15 लोगों के आदेश में संशोधन किया गया है। हालत यह है कि सहायक ग्रेड के 42 रिक्त पदों पर 66 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। वहीं एक लिपिक की पदोन्नति आदेश को 3 बार संशोधित किया गया है। खास बात यह है कि कर्मचारी संघ की शिकायत के बाद अब कमिश्नर ने टीम गठित कर दी है। कमिश्नर द्वारा डिप्टी कमिश्नर हरिशंकर चौहान को इसकी जिम्मेदारी सौपी है। टीम 6 फरवरी को जांच के लिए संयुक्त संचालक कार्यालय पहुंचेगी।

### ढाई साल में 300 से अधिक अटैचमेंट

विगत ढाई साल में संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा संभाग में 300 से अधिक विभिन्न संवर्ग के चिकित्सक से लेकर तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की संलग्नीकरण किया गया है, जबकि शासन के निर्देश के अनुसार तत्काल अटैचमेंट खत्म किया जाना है।

### बनाई गई है जांच कमेटी

स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति और पदस्थापना के विषय में शिकायत प्राप्त हुई थी, शिकायत पर जांच कमेटी बनाई है। 4 सदस्यीय टीम जांच कर रिपोर्ट देगी।

-**सुनील जैन**, कमिश्नर

आईजी ने किया शुभारंभ, कहा पुलिस तकनीकी रूप से सक्षम बने

# ‘अनुभव क्यूआर कोड’ पर स्कैन कर पुलिस थाने का दे सकेंगे फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरूवार को आईजी रामगोपाल गर्ग ने पुलिस लाइन स्थित चेतना भवन में बिलासपुर रेंज में अनुभव क्यूआर कोड का शुभारंभ किया है। इस क्यूआर कोड से माध्यम से आमजन थानों और पुलिस कार्यालयों से जुड़े अपने अनुभव सीधे उनके कार्यालय तक पहुंचा सकेंगे।

इस अवसर पर आईजी श्री गर्ग ने कहा अब समय आ गया है कि पुलिस तकनीकी रूप से सक्षम बने, आम जन भी, सरल तकनीक के माध्यम से पुलिस के साथ अपने अनुभव साझा कर सके। इसके लिए ये पहल अनुभव के माध्यम से प्रारम्भ की जा रही है। जिसमें थाने, पुलिस के अन्य कार्यालयों में क्यू आर कोड लगाए गए हैं, जिन्हें अपने मोबाइल से स्कैन करके कोई भी व्यक्ति अपना फीडबैक दे सकता है। कोड को स्कैन करने पर एक सरल गूगल फॉर्म खुलता है, जिसमें प्रश्नोत्तर के माध्यम से, संबंधित व्यक्ति अपना फीडबैक दे सकता है, जो सबमिट करने पर सीधे पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में दर्ज हो जाएगा। फीडबैक देने वाला व्यक्ति चाहे तो अपनी पहचान और मोबाइल नंबर भी गोपनीय रख सकता है, इसे पूरी तरह से वैकल्पिक रखा गया है। रेंज के सभी आठ जिलों में एक साथ इस ‘ अनुभव’ सिस्टम का शुभारंभ किया जा रहा है, इसके लिए रेंज के सभी थानों में क्यू आर कोड की स्थापना कर दी गई है। संभागायुक्त श्री सुनील जैन जी ने कहा, नवाचार को अपनाना वर्तमान समय की मांग है, हम अपने कार्य के लिए स्वयं पर्यवेक्षक नहीं हो सकते, हम जनता के सेवक हैं, इसलिए हमारे काम का पर्यवेक्षण भी आमजन के द्वारा ही किया जाना चाहिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ये पुलिस प्रशासन की ऐसी पहल है, जिससे आमजन, अपना अनुभव और समस्याएं बिना किसी वरिष्ठ कार्यालय के चक्कर काटे, सीधे बता सकते हैं, अपनी बात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा सकते हैं। एसएसपी रजनेश सिंह ने कहां बिलासपुर जिले के सभी थानों में ‘अनुभव के लिए क्यू आर कोड लगा दिए गए हैं, अब आमजन, अपना फीडबैक इसे स्कैन करके सीधे दे सकते हैं। उन्होंने पुलिस महानिरीक्षक की इस पहल को सार्थक बताते हुए कहा, अब इससे थाने आने वाले फरियादियों को जो भी अनुभव थाने से मिलेगा, उससे प्राप्त फीडबैक के आधार पर जो भी व्यवस्था में सुधार किए जाने हैं वो किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान रायगढ़ एसपी शशिमोहन सिंह, मुंगेली एसपी भोजराम पटेल, कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने भी अपने विचार रखे जिसमें उन्होंने इस ‘ अनुभव ‘ को एक सार्थक पहल बताते हुए, इससे पुलिसिंग को और बेहतर बनाने तथा थाने में रियल टाइम में फरियादियों को आने वाली समस्याओं को जानकर, उन्हें दूर करने में मदद मिलेगी। एसएसपी रजनेश सिंह ने सभी अतिथियों को स्मरण चिन्ह प्रदान किए गए। रेंज के कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, मुंगेली, जीपीएम, सारंगढ़ एवं सक्ती के पुलिस अधीक्षक वर्चुअल उपस्थिति थे।



आईजी का स्वागत करते एसएसपी।

### रिबन खोलकर किया लांच

सभी अतिथियों के द्वारा ‘अनुभव ‘का विधिवत शुभारंभ क्यू आर कोड का रिबन खोलकर किया गया। इस दौरान इससे संबंधित एक वीडियो प्रेजेंटेशन भी दिया गया, जिसमें ‘अनुभव ‘ के उपयोग और उपयोगिता के संबंध में जानकारी साझा की गई। आज से ही यह व्यवस्था रेंज के सभी जिलों के सभी थानों में प्रारम्भ कर दी गई है। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकजन, समाज सेवी संस्थाओं के लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में विद्युत विभाग की अहम भूमिका : साव



**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने बीते 25 वर्षों में राज्य के विद्युत क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए जनजीवन को सुविधा, सुरक्षा और विकास से जोड़ा है। विद्युत आपूर्ति के विस्तार और सुदृढ़ीकरण से ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। इन्हीं उपलब्धियों को रेखांकित करने विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री साव ने कहा कि विद्युत विभाग के ये 25 वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि उपलब्धियों से भरा हुआ वह कालखंड है जिसने इतिहास रचा है। यह अवसर उन उपभोक्ताओं को सम्मानित करने का है, जिनके सहयोग और विश्वास से विद्युत विभाग निरंतर प्रगति कर रहा है। वर्ष 2000 में 17 हजार 108 गांव में विद्युतीकृत थे, वहीं अब 19 हजार 609 गांव अर्थात शत प्रतिशत गांव में बिजली पहुंच गई है। बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 18 लाख से बढ़कर 66 लाख हो गई है। अति उच्चदाब केंद्रों की संख्या 26 से बढ़कर 137 हो गई है। 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्रों की संख्या 248 से बढ़कर 1478 हो गयी है जो विद्युत के क्षेत्र में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद विद्युत मंडल के पृथक होने से बिजली के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है।आज बिजली हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला एवं दिलीप लहरिया, कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल, रामदेव कुमावत, राजेश सिंह, सिम्स के डीन डॉ.रमणेश मूर्ति, प्रभारी कार्यपालक निदेशक डीके भोजक, अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगड़े, पीआर साहू, आरके झा, कार्यपालन अभियंता अनुपम सरकार, डीपी नेताम, जनसंपर्क अधिकारी मुकेश माथुर सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्वागत भाषण कार्यपालक निदेशक श्री भोजक ने दिया। विद्युत विभाग के उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। 13 वर्षीय सुश्री कनक साहू की मीठी आवाज में वंदे मातरम गायन ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

### प्रियंका की फिजिक्स विषय पर तीसरी पुस्तक प्रकाशित



**बिलासपुर।** डा. प्रियंका पाण्डेय मिश्रा की फिजिक्स विषय पर तीसरी किताब लेजर एंड फाइबर आप्टिक्स पुस्तक प्रकाशित हो गई है, जिसका विमोचन विधायक अमर अग्रवाल ने किया। श्री अग्रवाल ने किताब का अवलोकन करने के बाद प्रियंका को बधाई देते हुए उसे बिलासपुर की महिलाओं का गौरव बताया। प्रियंका ने फिजिक्स में एमएससी एवं एम फिल की डिग्री प्राप्त करने के साथ 16 से अधिक शोधपत्र यूजीसी केयर जनरल से प्रकाशित हो चुकी है। चार से अधिक लेख शोध ऋतु पत्रिका में प्रकाशित हुई है। एनआईटी रायपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में अनेक वर्षों तक अध्यापन करने के बाद विगत 9 वर्षो से भौतिक शास्त्र विषय पर बिलासा कन्या महाविद्यालय में प्रियंका अतिथि व्याख्याता हैं। डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा से पीएचडी की उपाधि भी प्राप्त कर चुकी हैं। वे छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ कार्यालय सचिव मनीष मिश्रा की धर्मपत्नी हैं।

### हाई स्कूल लोखंडी में छात्राओं को किया गया सायकिल वितरण



**बिलासपुर।** हाईस्कूल लोखंडी में 4 फरवरी को सरस्वती साईकिल योजना के तहत छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह थे। उन्होंने कक्षा 9वीं की लड़कियों को साईकिल वितरण किया गया। सरस्वती साईकिल योजना की प्रभारी अरुणा शर्मा ने सभी बच्चो को साईकिल की रख रखाव के बारे में जानकारी प्रदान की। शाला की प्राचार्य रचना नायडू के द्वारा शाला की जानकारी दी गई व विधायक से शाला परिसर में शेड निर्माण के माँग रखी। विधायक श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में बच्चियों को अच्छा पढ़ लिख कर अपना, माता पिता, अपने स्कूल व गांव का नाम रोशन करना है। उक्त कार्यक्रम में बलराम पटेल, सरपंच रामकुमार गढ़ेवाल, उपसरपंच प्रीतम पटेल, एस एम डी सी अध्यक्ष परमेश्वर पटेल, जनपद सदस्य, पंच गण व गांव के गढ़मान्य सदस्य तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

### जनपद टीम ने अपूर्ण आवासों पर दिया अल्टीमेटम

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप के निर्देशानुसार जनपद पंचायत तखतपुर की टीम ने ग्राम पंचायत मुरु में आवास पूर्णता को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 142 आवास हितग्राहियों के घर-घर पहुंचकर अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को शीघ्र शुरू करने और पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में सीईओ जनपद पंचायत तखतपुर श्री सत्यव्रत तिवारी के नेतृत्व में जनपद की पूरी टीम दिनभर ग्राम मुरु में उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों को शासन की मंशा से अवगत कराते हुए समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दिलीप ध्रुव, सरपंच ललिता पटेल सहित डीईओ, पीओ, एजीपीओ, उपअभियंता, एडीईओ, तकनीकी सहायक, उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, वार्ड पंच, आवास मित्र, मेट, महिला स्व-सहायता समूह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को शीघ्र पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना है।

---

**देशी के साथ विदेशी पक्षियों का डेरा**

**प्रदेश के पहले रामसर साइट में असंख्य पक्षियों का है सुरक्षित संसार**

# प्रकृति संरक्षण की जीवंत पहचान बना कोपरा जलाशय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ का पहला रामसर साइट घोषित होने के बाद कोपरा जलाशय में अब सैलानियों की काफी भीड़ बढ़ने लगी है। कोपरा जलाशय अब प्रकृति संरक्षण की जीवंत पहचान बनते जा रहा है, जहां असंख्य पक्षियों का सुरक्षित संसार देखा जा रहा है। यहां देशी के साथ विदेशी पक्षियों का भी डेरा बन गया है, जो सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन चुके हैं।

विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ का पहला रामसर साइट कोपरा जलाशय आज प्रकृति संरक्षण की एक जीवंत पहचान बन चुका है। यह केवल जल का विस्तार नहीं, बल्कि असंख्य पक्षी मित्रों का सुरक्षित संसार जहां हर उड़ान जीवन का उत्सव है। विश्व आर्द्रभूमि भूमि दिवस के अवसर पर कोपरा जलाशय क्षेत्र में आर्द्रभूमियों के संरक्षण और उनके महत्व को लेकर तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन विभाग, बिलासपुर वन मंडल और डब्लूडब्लूएफ इंडिया, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ राज्य कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कोपरा जलाशय उसमें आने वाले विदेशी पक्षियों व हमारा गांव विषय पर 22 विद्यार्थियों ने भाग लेकर जलाशय, पक्षियों और प्रकृति के प्रति अपने भाव चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। डब्लूडब्लूएफ इंडिया के तत्वावधान में वालंटियर डे का आयोजन हुआ। इसमें वन विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं कोपरा जलाशय से जुड़े 15 वेटलैंड मित्रों को आर्द्रभूमि की उपयोगिता, जैव विविधता में उनकी भूमिका व संरक्षण की आवश्यकता के संबध में सरल व व्यवहारिक जानकारी देने के साथ वेटलैंड हेल्थ असेसमेंट के प्रमुख मापदंडों पर मैदान में प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया। इसके उपरांत वेटलैंड मित्रों एवं स्वयंसेवकों के साथ पक्षी अवलोकन गतिविधि आयोजित की गई। इसमें जलाशय में आने वाले स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की पहचान और उनके महत्व पर चर्चा की गई। इसके उपरांत वेटलैंड क्लीन अप अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीण, वेटलैंड मित्र, डब्लूडब्लूएफ इंडिया की टीम, वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी व बिलासपुर के जागरूक नागरिकों ने हिस्सा लेकर जलाशय एवं उसके आसपास के क्षेत्र में प्लास्टिक बोतलें, कांच व अन्य कचरे को एकत्रकर सफाई की। समापन में स्थानीय लोगों के साथ संवाद के उपरांत चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। यहां आने वाले पक्षी प्रेमी देशी और विदेशी पक्षियों की तस्वीरों को अपने मोबाइल व कैमरे में भी कैद कर रहे हैं।

**इंटरमीडिएट ईग्रेट**



इंटरमीडिएट ईग्रेट एक शांत और सुरुचिपूर्ण जलपक्षी है, जो अपने चमकदार सफ़ेद पंखों, काले पैरों और पीली चोंच के कारण सहज ही ध्यान आकर्षित करता है। यह धैर्यपूर्वक एक ही स्थान पर खड़ा रहकर सही क्षण की प्रतीक्षा करता है और फुर्ती से अपना शिकार पकड़ता है। तालाबों, दलदली क्षेत्रों और नदी किनारों में इसे अकेले या छोटे समूहों में देखा जा सकता है। यदि इस सुंदर पक्षी को प्राकृतिक परिवेश में देखना चाहते हैं, तो कोपरा जलाशय इसके अवलोकन के लिए आदर्श स्थान है। यहां इंटरमीडिए ईग्रेट देखा जा सकता है।

**रूडी शेलडक**



रूडी शेलडक अपनी चमकीली नारंगी-भूरी देह, हल्के चेहरे और सशक्त उड़ान के कारण जलाशयों का आकर्षक पक्षी माना जाता है। इसकी अनोखी आदत है कि यह प्रायः जीवनभर जोड़े में रहता है और अपने क्षेत्र की दृढ़ता से रक्षा करता है। इसकी तेज़, तुरही जैसी आवाज़ दूर तक सुनाई देती है। पानी में तैरने जितना ही सहज यह पक्षी खुले मैदानों में चलने और भोजन खोजने में भी दक्ष होता है। सुबह और संध्या के समय इसकी सक्रियता झील-तट को जीवंत कर देती है। इस मनमोहक पक्षी का प्राकृतिक सौंदर्य कोपरा जलाशय में नजर आता है।

**ट्राइकल मुनिया**



ट्राइकलर मुनिया अपनी छोटी काया, नाजुक बनावट और तीन रंगों की सुंदर छटा के कारण देखने वालों का मन तुरंत मोह लेती है। यह अत्यंत सामाजिक पक्षी है, जो अक्सर झुंड में रहना पसंद करता है और आपसी तालमेल के साथ उड़ान भरता है। घास के बीज इसका प्रिय आहार हैं और खेतों व घास के मैदानों में फुर्ती से दाना चुनते हुए इसे देखना सुखद अनुभव होता है। घोंसला बनाने में यह बेहद कुशल होता है, घास के तिनकों से गोल और सुरक्षित घर तैयार करता है। इसकी मधुर चहचहाहट और चंचल स्वभाव प्रकृति में जीवंतता भर देते हैं।

---

**उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन, खेल व खिलाड़ियों के लिए सेंटर को बताया मददगार**

# राज्य के एकमात्र स्पोर्ट्स रिहैबिलिटेशन सेंटर में खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य का एकमात्र अत्याधुनिक स्पोर्ट्स परफार्मेस एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर अब बिलासपुर में शुरू हो गया है। इस नवनिर्मित स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में स्थित इस सेंटर का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में विधायकगण धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह व सुशांत शुक्ला भी मौजूद रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यह केंद्र खिलाड़ियों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। इससे खिलाड़ियों को एक ही स्थान पर सभी आधुनिक सुविधाएं मिल सकेगी।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि इस सेंटर की आवश्यकता और उपयोगिता से खिलाडियों को काफी लाभ मिलेगा। ये खेल और खिलाड़ियों के लिए काफी लाभकारी होगा। अपने शारीरिक क्षमता को समझे बिना किसी खेल में सफलता नहीं मिलती। यह सेंटर खिलाड़ियों को मदद करने का काम करेगा। ये जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है तथा डॉक्टरों की टीम एवं सभी सुविधाएं यहां खिलाड़ियों को मिलेगी। अवीक स्पोर्ट्स खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए मददगार होगा।



**वैज्ञानिक तकनीक से चोटों की पहचान व उपचार**

इस स्पोर्ट्स परफार्मेंस लैब की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां खिलाड़ियों को होने वाली चोटों की वैज्ञानिक तकनीकों से सटीक पहचान की जाती है और जड़ से उपचार कर खिलाड़ी को पूरी तरह रेडी टू प्ले बनाया जाता है। यहां खिलाड़ियों को जिम ट्रेनिंग, व्यक्तिगत डाइट प्लान, न्यूट्रिशन सपोर्ट, इंजरी प्रिवेंशन, साइंटिफिक ट्रीटमेंट और रिहैबिलिटेशन जैसी सभी अत्याधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

**छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों लिए मील का पत्थर**

यह सेंटर बिलासपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे खिलाड़ियों को न केवल चोटों से उबरने में सहायता मिलेगी, बल्कि साइंटिफिक एनालिसिस और आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों के माध्यम से उनके प्रदर्शन को अगले स्तर तक ले जाया जा सकेगा। खेल प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन और आधुनिक सुविधाएं प्रदान कर यह स्पोर्ट्स परफॉरमेंस लैब राज्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में पूर्व मेयर किशोर राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, खेल संघ के पदाधिकारी, खेल अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**खिलाड़ियों को समर्पित अविक स्पोर्ट्स हेल्थ एंड फिटनेस**

अवीक स्पोर्ट्स हेल्थ एंड फिटनेस कई वर्षों से खिलाड़ियों के परफॉरमेंस एनहांसमेंट और रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। डॉ. अविनाश जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में यह संस्थान अब तक सैकड़ों खिलाड़ियों को खेल चोटों से उबरने और बेहतर प्रदर्शन की दिशा में निरंतर सहयोग देता आ रहा है। अब अवीक स्पोर्ट्स नए स्थान, आधुनिक साज-सज्जा और अत्याधुनिक खेल विज्ञान आधारित तकनीकों के साथ एक नई शुरुआत करने जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

---

## बिजनेस प्लस

# सुमित बाजार ने मनाया 42वां स्थापना दिवस




**बिलासपुर।** प्रदेश के भरोसेमंद रिटेल ब्रांड सुमित बाजार ने अपने स्थापना के 42 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 7 फरवरी 1984 को रायपुर के बैजनाथ पारा में स्वर्गीय भंवरलाल जी कांकरिया द्वारा रखी गई एक छोटी-सी नींव आज प्रदेश ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों तक एक मजबूत पहचान बन चुकी है। सुमित बाजार की 42वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसके संघर्ष, सफलता, विज़न और भविष्य की योजनाओं पर नजर डालना प्रेरणादायक है।

सुमित बाजार की शुरुआत आसान नहीं रही। प्रारंभिक वर्षों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, यहां तक कि पहले ही साल घाटा भी हुआ। लेकिन हार न मानते हुए निरंतर प्रयास और सेकंड जनरेशन के सहयोग से कारोबार ने धीरे-धीरे गति पकड़ी। आज थर्ड जनरेशन के रूप में संचालक संयम कांकरिया सुमित बाजार की बागडोर संभाल रहे हैं और नई सोच के साथ इसे आगे बढ़ा रहे हैं। वर्तमान में सुमित बाजार के कुल 42 स्टोर्स संचालित हो रहे हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ में 38, मध्यप्रदेश में 2 और ओडिशा में 2 स्टोर्स शामिल हैं। राजधानी रायपुर में ही सुमित बाजार के 14 स्टोर्स ग्राहकों की सेवा में कार्यरत हैं। सुमित बाजार की सबसे बड़ी विशेषता है होलसेल रेट में क्वालिटी प्रोडक्ट्स की उपलब्धता। क्वालिटी अनमोल, बजट पे कंट्रोल के स्लोगन के साथ सुमित बाजार का उद्देश्य हमेशा से ग्राहकों को किफायती दाम में बेहतरीन उत्पाद उपलब्ध कराना रहा है। सुमीत बाजार एक पारिवारिक शोरूम है, जहां डेली वियर से लेकर शादी-ब्याह के कपड़े तक सब कुछ एक ही जगह मिलता है। यहां पुरुष, महिलाएं और बच्चों के लिए परिधान, समर कलेक्शन तथा शादी के लिए विशेष शुभम भवतु कलेक्शन उपलब्ध है।

शादी-ब्याह के सीजन को ध्यान में रखते हुए यहां साड़ियां, धोती-गमछा, शर्टिंग-सूटिंग कॉम्बो सेट, गिफ्ट आइटम्स और दूल्हा-दुल्हन के लिए खास ट्रेडिशनल परिधान कम बजट में, होलसेल दामों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा होम फर्निशिंग, हैंडलूम, बैडशीट, जनरल आइटम्स, बच्चों के खिलौने और स्कूल से संबंधित जनरल प्रोडक्ट्स भी सुमित बाजार की रेंज का हिस्सा हैं। पिछले 42 वर्षों में सुमित बाजार ने ग्राहकों के साथ विश्वास और रिश्तों की एक मजबूत बुनियाद खड़ी की है। पीढ़ी दर पीढ़ी ग्राहक सुमीत बाज़ार से जुड़े हुए हैं, जो इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

**नियो मो बाय सुमित बाजार का शुभारंभ 11 को**

संचालक संयम कांकरिया ने बताया कि युवाओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से 11 फरवरी को कलर्स मॉल के सेकेंड फ्लोर में नियो मो बाय सुमित बाजार का शुभारंभ किया जाएगा। यहां पुरुषों और महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग फैशन आइटम्स उपलब्ध होंगे और ग्राहकों को एक नया शॉपिंग एक्सपीरियंस मिलेगा। उन्होंने कहा कि सुमित बाजार का मिशन स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के हर जिले में सुमित बाजार की मौजूदगी और हर ग्राहक को सही दाम में सही प्रोडक्ट उपलब्ध कराना है। यही सोच इसे लगातार आगे बढ़ा रही है।

---

# कर्दम तीर्थ में 11 को स्वास्थ्य शिविर

**बिलासपुर।** कर्दम तीर्थ केंदई की पुण्य भूमि में ब्रह्मलीन संत स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज द्वारा स्थापित स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 11 फरवरी को होगा। 45वें विष्णु महायज्ञ के आयोजन हेतु महामण्डलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज 8 फरवरी को केंदई पहुंचेंगे।



स्वास्थ्य शिविर विगत 30 वर्षो से किया जा रहा है, जिसमें सेवा देने हेतु बिलासपुर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम बुधवार को केंदई पहुंचेगी। इसमें प्रमुख रूप से डीएनबी न्यूरोलाजिस्ट डॉ. रजनीश पाण्डेय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रभूषण देवांगन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव कौशिक, एमडी फिजिशियन डॉ. मनोज मौर्या, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियदर्शनी, आई स्पेशलिस्ट डॉ. संदीप तिवारी अपनी पूरी टीम के साथ रहेंगे। इस दौरान खून, पेशाब की जांच भी की जाएगी। हड्डी की मजबूती के लिए बीएमडी टेस्ट करने के साथ शुगर की जांच, थाइराइड जांच भी निःशुल्क की जाएगी। इस अवसर का लाभ उठाने सभी ग्रामीण वनवासी से आश्रम में अपना पंजीयन कराने अनुरोध किया गया है।

**नौ फरवरी से प्रारंभ होगा यज्ञ, अनुष्ठान**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आश्रम में सामूहिक विवाह एवं विष्णु महायज्ञ की तैयारियाँ चल रही हैं। यह अनुष्ठान 9 फरवरी से प्रारंभ होकर 17 फरवरी तक चलेगा एवं यज्ञशाला प्रवेश होगा। इसके पश्चात धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। 17 फरवरी को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है जिसमें क्षेत्र के करीब सौ जोड़ों का वैदिक रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न होगा। देश विदेश से संत एवं भक्तजन इस आयोजन में शामिल होने पहुँचेंगे।

# कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने वाले हटाए गए डिप्टी रेंजर

**बिलासपुर।** उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद भी अपने कर्तव्य का ठीक से निर्वहन नहीं करने वाले बेलतरा के डिप्टी रेंजर को हटाने का आदेश दिया गया है। बिलासपुर वन मंडल और बिलासपुर वन वृत्त के अंतर्गत बेलतरा परिवृत्त में बीएमसी खातों की जानकारी, फायर लाइन कटाई, प्राकृतिक पुनरूत्पादन तथा कूप कार्य लंबित रखने, विभागीय कार्य को विधिवत पूर्ण कर प्रमाणक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के बावजूद अमर्यादित जवाब दिए जाने के संबंध में परिक्षेत्र सहायक बेलतरा, वन परिक्षेत्र बिलासपुर की हैसियत से वनपाल वेदप्रकाश शर्मा ने अपने शासकीय कर्तव्यों एवं पदीय दायित्वों का ठीक से निर्वहन नहीं किया। शासकीय कार्यो में रूचि नहीं लिए जाने एवं शासकीय कार्यो के संपादन हेतु बार-बार निर्देश देने के बाद अपने वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशों को नजर अंदाज करते हुए स्वेच्छाचारिता बरते जाने के कारण बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने परिक्षेत्र सहायक बेलतरा, वन परिक्षेत्र बिलासपुर के प्रभार से मुक्त करते हुए मुंगेली वन मंडल में पदस्थ करने का आदेश जारी किया है। वेद प्रकाश शर्मा के स्थान पर वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा तथा वानिकी कार्यो के सुचारू रूप से संपादन करने बिलासपुर वन मंडल उड़नदस्स्त के वनपाल लोकमणी त्रिपाठी को परिक्षेत्र सहायक बेलतरा में अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है।

---

**निगम कमिश्नर सर्वे ने ठेकेदारों की बैठक ली**

# समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ होना चाहिए काम

**बिलासपुर।** नगर निगम के दृष्टी सभाकक्ष में निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने ठेकेदार संघ के बैनर तले ठेकेदारों के साथ बैठक किया। काम में तेजी लाने, ठेकेदारों की समस्या और सुझाव को जानने के लिए निगम कमिश्नर ने बैठक आहूत की थी, जिसमें इंजीनियर और अधिकारी भी शामिल थे।

बैठक में निगम कमिश्नर ने ठेकेदारों से दो टूक शब्दों में कहा की अत्यंत बिलो रेट के कार्य में गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए और अगर कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ ब्लैक लिस्टिंग की कार्रवाई की जाएगी, इसके लिए ठेकेदार तैयार रहें। काम की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अलावा बारिश से प्रभावित होने वाले सभी कार्य 15 जून तक किसी भी सूरत में




पूरा करने के निर्देश निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने दिए। बैठक में निगम कमिश्नर ने सभी जोन क्षेत्रांतर्गत एक एक कार्यों की बिंदुवार समीक्षा भी किया। सभी निर्माणाधीन साइट में सुरक्षा के ध्यान रखने के भी निर्देश ठेकेदारों को दिए गए। बैठक में ठेकेदारों ने भी समस्याओं की ओर इंगित करते हुए अपनी मांग रखी ठेकेदारों ने बिलिंग में देरी, गैर तकनीकी व्यक्ति द्वारा कार्य में हस्तक्षेप और फंड की लेटलतीफी संबंधी समस्याएं बताया जिसके बाद निगम कमिश्नर ने बिलिंग के लिए टाइमलाइन बनाने और फंडिंग की समस्या को जल्द दूर करने का आश्वासन ठेकेदारों को दिए। इसके अलावा ठेकेदारों द्वारा अनावश्यक जटिल दस्तावेजों के सरलीकरण करने की भी मांग की,जिस पर निगम कमिश्नर ने विश्लेषण करने का आश्वासन दिया है। बैठक में ठेकेदारों ने भुगतान प्रक्रिया के चैनल का पुनर्निर्धारण और समय सीमा निर्धारित करने की भी मांग निगम कमिश्नर से किया। आज बैठक में सीई राजकुमार मिश्रा, ईई प्रवीण शुक्ला, एसपी साहू,अनुपम तिवारी,जेडी वित्त श्री निर्मलकर, सब इंजीनियर और ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अभिषेक सिंह, राजकुमार तिवारी, कमल सिंह, जितेंद्र सोनी, नरेंद्र चित्रकार, विवेक ताम्रकार, आनंद बुधोलिया, अशोक तिवारी, सौरभ मिश्रा, राजन जायसवाल, मनीष सोनी, रोमेश पाण्डेय, शशिकांत मिश्रा, शैलेष मिश्रा, संजय मुरारका, नितिन सिन्हा, मनोज मिश्रा, अंबर चतुर्वेदी, रितेश सिंह सहित अन्य ठेकेदार उपस्थित रहे।

# प्रयास स्कालरशिप में शामिल हुए 38 हजार परीक्षार्थी



**बिलासपुर।** प्रयास अकादमी द्वारा प्रयास स्कालरशिप टेस्ट का आयोजन समग्र छत्तीसगढ़ में किया गया, जिसमें 38542 परीक्षार्थी शामिल हुए।

गुरुवार को सभी के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। माही गुप्ता ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें संस्था के चेयरमैन डॉ. सचिन यादव ने फोन के माध्यम से शुभकामनाएं दी। दूसरे स्थान पर आराध्या साहू, तीसरे स्थान पर अनन्या नारंग, चौथें स्थान पर अर्पित केरकेट्टा, पांचवें स्थान पर रूचि, छठवें स्थान पर दिपांशु सिंह, सातवें स्थान पर एमडी आहिल मेमन, आठवें स्थान पर भूपेश कुमार साहू, नौवें स्थान पर रेयांश लदेर, दसवें स्थान पर यशपाल टंडन रहे। प्रयास अकादमी ने 800 से अधिक छात्र डाक्टर, 1200 से अधिक इंजीनियर, 300 छात्रों ने सिविल सर्विस में अपना स्थान बनाया है। अकादमी एक बहुउद्देशीय संस्था है, जो कर्तव्यनिष्ठ स्टाफ द्वारा एक विकसित राष्ट्र निर्माण हेतु युवाओं को कृत संकल्प बनाता है। प्रयास अकादमी नई शिक्षा प्रणाली लेकर आई है, जिसके तहत बच्चों को उसी कक्षा से ही अपने लक्ष्य की दिशा में अग्रसर करने हेतु यह तत्पर है। छात्रों को उसी कक्षा से मेडिकल इंजीनियरिंग व सिविल सर्विसेस की तैयारी कराई जाती है। यहां राजस्थान की विशेष शिक्षा प्रणाली की अध्यापकों की संयुक्त टीम के माध्यम से प्रयास अकादमी राजस्थान कोटा व दिल्ली जैसी संपूर्ण व्यवस्था शहर में उपलब्ध करा रही है। प्रवीण्य सूची में अंकित छात्र-छात्राओं को प्रवेश सुनिश्चित करने 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। इसमें प्रयास अकादमी सेवा समिति द्वारा 210 सीटें निःशुल्क शिक्षा हेतु आबंटित की गई है।



एजुकेशन

## 12वीं बोर्ड एग्जाम के लिए स्टूडेंट्स की थॉरिकल्स तैयारी पूरी, अब रिवीजन

**बिलासपुर।** 12वीं बोर्ड एग्जाम के लिए स्टडेंट्स की थॉरिकल्स व प्रायोगिक परीक्षा की तैयारी पूरी हो चुकी है। विद्यार्थियों में परीक्षा का प्रेशर कम करने साइंस विषयों की लर्निंग उन्हें कक्षा व प्रयोगशाला में स्पॉट प्रैक्टिकल वर्क, प्रोजेक्ट वर्क और टॉपिक्स से शार्ट प्रश्नोत्तरी से तैयारी कराई गई है। इससे साइंस सब्जेक्ट के विद्यार्थियों में पढ़ाई में रुचि, टॉपिक्स को समझने और याद रखने की क्षमता में लाभदायक सिद्ध हुआ है। यह कहना है जेएन पांडे स्कूल की साइंस टीचर सरिता देवांगन की। वह बताती है कि मैं बॉयोलॉजी की टीचर्स हूं। अपने सब्जेक्ट का रिडिंग कक्षा में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की कंप्लीट तैयारी इसी ट्रिक्स से पूरे शैक्षणिक सत्र में कराती हूं। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का मानसिक दबाव या तनाव नहीं रह जाता है। बॉयोलॉजी में डीएनए क्रोमोसोम, इकोसिस्टम, एल्कोहॉल जैसे टॉपिक्स पर स्पॉट प्रैक्टिकल कराया जाता है, ताकि स्टूडेंट्स उस टॉपिक्स को स्वयं करके और देखकर समझें और याद रखें। इसके अलावा ब्लूप्रिंट, पांच सालों का प्रश्नपत्रों को हल कराना, क्वार्टली व हाफ ईयरली एग्जाम, प्री-बोर्ड परीक्षा, मंथली टेस्ट से रिटर्न वर्क स्टूडेंट्स की परीक्षा को लेकर रही सही कसर को पूरा कर देता है।



धर्मक्षेत्र

## कोदंड रामालय व बालाजी मंदिर में ब्रह्मोत्सव आज

**बिलासपुर।** रेलवे परिक्षेत्र स्थित कोदंड रामालय और बालाजी मंदिर में ब्रह्मोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दौरान विश्वक्षेण आराधना, वास्तुशांति, हवन, अंकुरार्पण, गरुड़ प्रतिष्ठा सहित प्रसाद वितरण किया जाएगा। वार्षिक ब्रह्मोत्सव का आयोजन श्री कोदंडरामा व श्री कल्याण व्यंकटेश मंदिर समिति की ओर से किया जा रहा है। मंदिर समिति के संरक्षक एसएन स्वामी ने बताया कि तिरुपति स्थित बालाजी में ब्रह्मोत्सव का विशेष महत्व है। इसी परंपरा के तहत हर साल कोदंड रामालय व बालाजी मंदिर में भी यह अनुष्ठान वार्षिकोत्सव पर कराया जाता है। इस दौरान भगवान बालाजी का आह्वान किया जाता है। इसमें समिति के अध्यक्ष आरवी स्वामी, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पटनायक, सचिव एस. साई भास्कर, कोषाध्यक्ष पी. धर्मा राव, ई. सिम्हाचलम, जी. रवि कुमार सहित अन्य सहयोग कर रहे हैं।



कार्यक्रम

## नारी की भव्यता और भारतीय संस्कृति का भव्य उत्सव




**बिलासपुर।** नारी की शक्ति, सौंदर्य और आत्मविश्वास को समर्पित अचीवर्स एक्सीलेंस अवार्ड का आयोजन न्यायधानी में अत्यंत भव्य, गरिमामय और यादगार रूप में संपन्न हुआ। श्रृंगार थीम पर आधारित इस विशेष कार्यक्रम में नारी के विविध स्वरूपों को मॉडल्स ने पारंपरिक परिधानों के माध्यम से मंच पर सजीव रूप में प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत से जोड़ दिया। इस गरिमामयी आयोजन का सफल संचालन सुक्रिति सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव, पूर्व विधायक शैलेश पांडे, परमित बग्गा (रिंकू) चंचल सलूजा समाजसेवी, अमृताश सिंह देव, पार्षद लक्ष्मी पति राजु उपस्थिति रही।



यह कार्यक्रम होंगे

7 फरवरी को रेणुका भजन मंडली की भजन प्रस्तुति उसके बाद पालकी यात्रा व शाम को विशेष आरती का किया जाना है। 8 फरवरी को प्रकट दिन होने के कारण सुबह महाराज का अभिषेक,हवन उसके बाद महाप्रसाद वितरण होगा शाम को गुरुकृपा भजन मंडली द्वारा भजन की प्रस्तुति होगी। अंतिम दिन 9 तारीख को शाम सामूहिक सुंदरकांड ,आरती उपरांत गोपालकला वितरण के बाद उत्सव का समापन होगा।

# श्री संत गजानन महाराज के प्रकट उत्सव में प्रथम दिन पारायण व नाट्य मंचन

**बिलासपुर।** श्रीसंत गजानन महाराज का प्रकट उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को सुबह पारिजात स्थित महाराष्ट्र मंडल परिसर में श्री संत गजानन महाराज प्रकट उत्सव के अंतर्गत कार्यक्रमों का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ।

9 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे

उत्सव के प्रथम दिन प्रातः श्री गजानन विजय ग्रंथ का सामूहिक क्रमबद्ध पारायण सुबह 9:30 बजे प्रारंभ हुआ, जो दोपहर 12 बजे की आरती के साथ संपन्न हुआ।

पारायण के लिए 20-20 भक्तों के कुल 13 समूह बनाए गए थे, जिनके माध्यम से ग्रंथ के 21 अध्यायों का 13 आवर्तन सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इसी क्रम में सायंकाल संत गजानन महाराज के जीवन एवं चरित्र पर





आधारित मराठी नाटक की प्रस्तुति भगिनी मंडल, रामदास नगर, के कलाकारों द्वारा दी गई। यह नाट्य प्रस्तुति दर्शकों द्वारा अत्यंत सराही गई और उपस्थित भक्तजन भावविभोर हो उठे। महाराष्ट्र मंडल के सचिव समीर भुरंगी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को मंडल परिसर में नागपुर की प्रसिद्ध संस्था नादप्रभा के कलाकारों द्वारा संत गजानन महाराज के चरित्र पर आधारित संगीतमय कथा की प्रभावशाली प्रस्तुति दी जाएगी। समिती के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकट उत्सव का उद्देश्य समाज में सद्भाव, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना है। आयोजक महाराष्ट्र मंडल ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन उत्सव को सफल बनाएं और श्री संत गजानन महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## द्विजप्रिय संकष्टी पर भगवान गणेश पूजन





**बिलासपुर।** तिलकनगर स्थित राम मंदिर में गुरूवार को द्विजप्रिय संकष्टी मनाई गई, भक्तों ने व्रत रख पूजा की। सुमुख गणेश मंदिर और श्रीराम मंदिर में भक्तों ने मंगल कामना के लिए भगवान का अभिषेक कराया। भगवान का भव्य श्रृंगार कर प्रांश तिवारी द्वारा किया गया। भगवान उनका प्रिय प्रसाद मोदक अर्पित किए।

महाआरती के बाद प्रसाद बांटा गया, भगवान की पूजा-अर्चना और अभिषेक के लिए पहले से ही भक्तों ने हाजिरी लगा दी थी। श्रीराम मंदिर में 619 भक्तों के नाम से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और अभिषेक किया गया। अभिषेक पुजन का कार्यक्रम आचार्य मधुसुदन अड़वे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, वेंकटेश पाटील, चिन्मय चिंचोलकर के द्वारा सम्पन्न कराया गया। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर संतान प्राप्ति और संकटों से मुक्ति की प्रार्थना की। शाम से लेकर रात चांद निकलने तक महिलाओं ने व्रत रखकर भजन-कीर्तन किया। चांद निकलने के बाद सभी ने पूजा-अर्चना की, इसके बाद पारण किया घरों में प्रसाद वितरित किया गया। प्रत्येक माह में कृष्ण और शुक्ल पक्ष की की चतुर्थी तिथि को भगवान गणेश की पूजा का विधान है। कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी का और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की तिथि पर संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा गया। इस संकष्टी चतुर्थी को द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। फाल्गुन माह की चतुर्थी पर भगवान गणेश के 32 स्वरूपों में से छठवें स्वरूप की पूजा की गई। आगामी संकष्टी चतुर्थि अभिषेक 6 मार्च को किया जाएगा। इस दिन विधिवत पूजन कर भगवान से प्रार्थन की जाएगी।

## रोटरी ई-क्लब ऑफ़ का नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**बिलासपुर।** रोटरी ई-क्लब ऑफ़ यूनाइटेड के सौजन्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरगिट्टी, गुरुगोविंद सिंह नगर, वार्ड में भव्य नि:शुल्क मेडिकल एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में समाज के 500 से अधिक जरूरतमंद मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। इस सेवा कार्य के माध्यम से आमजन को समय पर, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान 16 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान भारत कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से लगभग 45 शिक्षक एवं विद्यार्थियों को जीवन रक्षक कौशल सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो आपातकालीन परिस्थितियों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में क्लब के चिकित्सक सदस्यों तथा आमंत्रित विशेषज्ञ एवं सहयोगी चिकित्सकों का



महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले प्रमुख चिकित्सकों में डॉ. देवेंद्र, डॉ. मनोज राय, डॉ. सुनील केडिया, डॉ. सिद्धार्थ वर्मा, डॉ. गौरव प्रजापति, गुरमीत अरोरा, विकाश केजरीवाल, शैलेश अग्रवाल, प्रकाश माहेश्वरी,राजेश सिंह सहित शामिल रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष रोटेरियन डॉ सिद्धार्थ वर्मा एवं सचिव रोटेरियन बालचंद जयसवाल ने सभी चिकित्सकों, रोटेरियन साथियों, विद्यालय प्रशासन एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## दिल्ली परेड में शामिल, स्वयंसेविकाओं का किया सम्मान

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एडीएन बाजपेई ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मोना केवट व मेघा वंशकार को बधाई प्रेषित किया। जिन्होंने ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ नई दिल्ली मे परेड में सम्मालित हो कर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सलामी दी। एनएसएस के 5 जोन से आए हुए 200 स्वयं सेवकों के साथ अनुशासन, परिश्रम में रहकर परेड के गुण सिख कर 26 जनवरी को कर्तव्य पथ के परेड लिए तैयार किया जाता है स्वयंसेवकों को रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा ने कहा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य गेड़ी का



शानदार प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवको ने कर्तव्य पथ पर प्रस्तुति दी। अपनी गरिमामय प्रदान की। एडीएन वाजपेयी ने कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवको की उपलब्धियां को देखते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ राज्य के लिए बड़े गर्व की बात है कि वह गणतंत्र दिवस परेड में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए परेड के माध्यम से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया।

## डीपीएस में खेल प्रतिभाओं का किया गया सम्मान




स्पोटर्स न्यूज

**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। गुरुवार को अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए पाठेत्तर शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत विविध खेल प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त विद्यार्थियों का विशेष प्रार्थना सभा के माध्यम से स्पेशल अचीवर्स में शूटिंग स्विमिंग स्केटिंग जूडो और वॉलीबॉल का पुरस्कार वितरण किया गया। अंतर सदनीय बास्केटबॉल एवं तैराकी प्रतियोगिता के विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर के सम्मानित करने के साथ प्रमाण पत्र, मैडल और ट्रॉफी प्रदान की गई। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह ने विविध खेल विधाओं में सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में खेल भावना और स्वास्थ्य के लिए खेल प्रतियोगिता को अनिवार्य अंग कहा और सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संयोजक मनोज कश्यप रहे। खेल विभाग से रॉबिंसन जॉन, राज नारायण श्रीमोर, पवन दुबे और सुश्री अनुपम वर्मा का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विशेष प्रार्थना सभा में समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।







## अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत ही सफलता का सूत्रः राजेश चौहान

अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत ही सफलता का सबसे बड़ा सूत्र है, यदि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के साथ मेहनत करें तो उनके जीवन की सफलता सुनिश्चित है। यें तो बातें डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के वार्षिक खेल उत्सव के समापन अवसर पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान ने कही। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा ,कि गुरु से प्रोत्साहन इतनी आसानी से नहीं मिलता। उसके लिए कड़ी मेहनत और धैर्य की आवश्यकता होती है, लेकिन जब प्रोत्साहन मिलता है उस दिन जीवन सफलता के दरवाजे पर खड़ा होता है।

उन्होंने कहा कि खेल जीवन के सर्वोच्च ऊंचाइयों तक ले जा सकता है । उन्होंने यह भी कहा कि आने वाला समय खेल में लड़कियों का है इसलिए लड़कियां खेल में आगे आए।



राजेश चौहान ने अपने जीवन के संघर्षों और सफलता को विद्यार्थियों से साझा किया। डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय में वार्षिक खेलकूद उत्सव के समापन अवसर पर बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने खिलाड़ियों से कहा, कि खेल से हम हार को स्वीकार करना सिखाते हैं, और जब हम हर को स्वीकार करते हैं तो जीत की की राह खुलती है । उन्होंने कहा कि जब हम खेल के मैदान में होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि खेल से केवल शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानसिक और नेतृत्व विकास भी होता है।

### खेल को लेकर संपूर्ण सुविधा विश्वविद्यालय में

कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए खेल को लेकर संपूर्ण सुविधा विश्वविद्यालय में हैं। इसका लाभ दुरुस्त ग्रामीण अंचल वनांचल से यहां तक आने वाले के विद्यार्थियों को मिल रहा है। इसका परिणाम यह है, कि महिला कबड्डी में विश्वविद्यालय ने इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल, क्वालीफाई किया है। इसके साथ-साथ आर्चरी ,एथलेटिक्स, कबड्डी, योग ,तैराकी में भी विद्यार्थियों को स्वर्णिम सफलता मिली है।

## स्कूल नेशनल गेम्स के दूसरे दिन पंजाब और सीबीएसई का दबदबा



स्कूल नेशनल गेम्स के दूसरे दिन सभी प्रदेश की टीमों के बीच मैच का आयोजन अलग-अलग ग्राउंड में हुआ। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन पंजाब और सीबीएसई टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बनाकर रखा। स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया के आदेश पर सभी राज्यों में नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत एसजीएफआई ने छत्तीसगढ़ प्रदेंश को भी अलग-अलग नेशनल गेम्स कराने की जिम्मेदारी दी है।

इस आदेश के बाद लोक शिक्षण संचालनालय और जिला प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 4 से 8 फरवरी तक 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत साफ्टबॉल अंडर 17 बालक-बालिका का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मेजबाल छत्तीसगढ़ बिलासपुर के अलावा राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, विद्याभारती, मणिपुर, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, जम्मू काश्मीर, तमिलनाडू, दिल्ली, हरियाणा, तेलांगना, पश्चिम बंगाल, सीबीएसई, बिहार टीम के 576 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ी और 200 कोच, आफिशियल्स हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को सॉफ्टबॉल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों का दमखम देखने को मिला। आयोजित किए जाने वाले विभिन्न मैदानों पर खेले गए मुकाबलों में पंजाब, सीबीएसई, महाराष्ट्र और मेजबान छत्तीसगढ़ की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। ग्राउंड नंबर एक पर खेले गए मैचों में दिल्ली ने बिहार को 10–0 से हराया, जबकि सीबीएसई ने जम्मू-कश्मीर को 11–01 से करारी शिकस्त दी। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला मेजबान छत्तीसगढ़ और दिल्ली के बीच खेला गया, जिसमें छत्तीसगढ़ ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में दिल्ली को 2–1 से मात दी।

### बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश अगले राउंड में

वहीं बालिका वर्ग अंडर 17 के मुकाबलों में भी रोमांच देखने को मिला। मध्यप्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 16–0 से हराया, जबकि राजस्थान ने तेलंगाना को 11–0 से पराजित किया। हरियाणा ने तेलंगाना को 6–3 से मात दी। वहीं दूसरे मैदान पर विद्या भारती ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ 6–5 से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। पंजाब ने गुजरात को 6–1 से हराया और महाराष्ट्र ने गुजरात को 4–0 से पराजित किया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम विभिन्न वर्गों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी दावेदारी मजबूती से पेश कर रही है और आगे के मुकाबलों को लेकर दर्शकों में भी खासा उत्साह बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### सांसद प्रतिनिधि बने कृष्णाकुमार



तखतपुर। भाजपा किसान मोर्चा गनियारी मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू को हायर सेकंडरी स्कूल नेवरा का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर कृष्ण कुमार साहू ने विधायक धर्मजीत सिंह एवं सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे विद्यालय के विकास को आगे बढ़ाने तथा विद्यालय के हित के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे।

### विद्या संगम कला एवं विज्ञान महोत्सव कल

लोरमी। विद्या संगम कला एवं विज्ञान महोत्सव का आयोजन विष्णु कांति महाविद्यालय, नेहा पब्लिक स्कूल छीतापार लोरमी में 7 फरवरी को सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं अन्य विधाओं की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह होंगे एवं अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य रत्ना संजय काठले करेंगे। साथ ही रामेश्वर बंजारे जिला उपाध्यक्ष, लेखराज सिंह मंडल अध्यक्ष गोंड खामी, रवि शर्मा, नर्वबद कुमार कश्यप, मनभजन साहेब, अनुसुइया धर्मेंद्र धृतलहरे आदि मौजूद रहेंगे। यह जानकारी डायरेक्टर सुनील कुमार लहरे ने दी।

### ताला तोड़कर 30 हजार रुपए का सामान पार

तखतपुर। सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने लगभग 30 हजार रूपए का समान पार कर दिया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिपुर धुमा निवासी सतीश डहरिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 3 फरवरी को वह निजी काम से लालपुर गए हुए थे एवं उनकी पत्नि दोपहर 1 बजे घर में ताला लगाकर कोटा चली गई थी। रात 8 बजे घर वापस आने पर उसने तो देखा कि, घर का दरवाजा खुला हुआ था, और घर में रखे मंगलसूत्र व टीवी की चोरी हो चुकी थी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303,2, 331,4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### चंद्रकला तिवारी



बिलासपुर। स्व. रामअसारे तिवारी गुरुजी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकला तिवारी का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 5 फरवरी की सुबह बिल्हा में किया गया। वे अशोक कुमार, राम कुमार, श्याम कुमार, कमलेश (रज्जू), नर्मदा तिवारी की मां थीं।

### पन्नू राम सिंगरौल



तखतपुर। ग्राम जोरापारा निवासी पन्नू राम सिंगरौल 60 वर्ष का 1 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जोरापारा में किया गया। वे हेतराम सिंगरौल पिता थे।

### रामकुमारी गंधर्व



बिलासपुर। चिंगराजपारा निवासी श्रीमति रामकुमारी गंधर्व का 65 वर्ष की उम्र में 5 फरवरी को निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार थीं। इनका अंतिम संस्कार चिंगराजपारा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. सेलहन गंधर्व की पत्नी एवं राजेश, राकेश गंधर्व की माता थीं।

### डिप्टी सीएम ने उत्कृष्ट छात्रों का किया सम्मान

# शिक्षा और खेल के लिए दो साल में ईमानदारी से किया कामः साव



वार्षिकोत्सव में छात्रा को सम्मानित करते डिप्टी सीएम।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर के न्यू जनरेशन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव उमंग उत्सव में सम्मिलित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर श्री साव ने विद्यालय के होनहार बच्चों को सम्मानित कर निरंतर आगे बढ़ने एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने छात्रों एवं पालकों को संबोधित कर कहा कि यह स्कूल लगातार उल्लेखनीय प्रगति और तरक्की कर रहा है। पूरे छत्तीसगढ़ में स्कूल की ख्याति दिनों दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह स्कूल आगे बढ़ रहा है। बोर्ड परीक्षा में यहां के बच्चे लगातार प्रावीण्य सूची में स्थान बना रहे हैं। श्री साव ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं का चयन लगातार पीएससी में हो रहा है। ये शिक्षकों की मेहनत और पालकों के मार्गदर्शन का कमाल है। उन्होंने जनता का आभार जताते हुए कहा कि, आपके आशीर्वाद से सेवा का अवसर मिला हैं पूरी ईमानदारी से शिक्षा और खेल के लिए दो साल में ईमानदारी से काम किया है। दो साल में लोरमी की दिशा और दशा बदलती दिख रही है। श्री साव ने बताया कि, लोरमी क्षेत्र में चारों तरफ सड़कें बन रही है। भव्य नवनिर्मित मानस मंच लोरमी का गौरव बन गया है। शहर की तस्वीर बदल गई है। मंगलम भवन के रोड की सुंदरता देखते ही बनती है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने सायराना अंदाज स्कूल के सफर के बारे में प्रशंसा की। कार्यक्रम में राजेंद्र पाटकर, नरेंद्र पाटकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## नेटबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता रही अग्रसेन कॉलेज की टीम

बिल्हा। शांति निकेतन कॉलेज दयालबंद बिलासपुर में आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन नेटबॉल प्रतियोगिता में शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा की पुरुष नेटबॉल टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। महाविद्यालय की टीम में कुनाल, लोरिक यादव, लुकेश, नागेश कुमार साहू, प्रतीक नथानियल, हरीश राजपूत, तरुण राजपूत शामिल रहे। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी डॉ आलोक कुमार चौरसिया एवं प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्वल खेल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ियों के अनुशासन, टीम भावना एवं निरंतर अभ्यास की सराहना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा दी।

## ओखर स्कूल में वार्षिकोत्सव, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समा



मल्हार। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओखर में उमंग 2026 के रूप में वार्षिकोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे ने कहा कि, ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही पढ़ाई में भी खूब ध्यान देकर अव्वल दर्जे से परीक्षा में पास हों। ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीप्रसाद यादव ने कहा कि, स्कूल में पढ़ाई के साथ ही विविध प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए, इससे बच्चों में ज्ञान के साथ ही कौशल का विकास होता है। स्कूल परिसर में जो भी कमी है उसे पूरा करने का भरोसा भी उन्होंने दिलाया। इससे पहले संस्था के प्राचार्य रामेश्वर गुप्ता ने बच्चों और उनके माता पिता से स्कूल से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने ग्राम के सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को बुढ़ीखार के प्राचार्य काशीराम रजक, एरमसाही स्कूल के व्याख्याता गौरीशंकर चंद्राकर और छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोशिएसन के मस्तूरी ब्लॉक के अध्यक्ष राजेश सिंह क्षत्री ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अल्पा पन्ना और मोनिका डोंगरे एवं आभार व्यक्त पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठिका नीलिमा सिंह ने किया। कार्यक्रम में ग्राम ओखर के सैंकड़ों ग्रामवासी, पालक, पंच, विभिन्न स्कूलों से आए हुए शिक्षक जिसमें सुनील चौधरी, देवेंद्र क्षत्री,विवेक सिंह, लक्ष्मीकांत साहू, राजेंद्र यादव, रोशन कुर्रे व संस्था के विद्वान शिक्षक रणजीत सिंह महिलांगे, संजय दिव्य, मोहनलाल पाटले, अनिल शर्मा, एनके साहू, अल्पा पन्ना, सत्यवती पाटले, ज्योति वर्मा,नीलिमा सिंह, मोनिका डोंगरे, प्रकाश साहू, उमाशंकर कौशिक, जांगड़े सर, ईश्वर राठौर, धन्जू साहू, अनिल पटेल, श्यामरतन जगत, रामनारायण मरकाम, बसंत राज, गुलजार सिंह राज, एसके मिश्रा, सुरेंद्र जगत सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पेंड्रा के युवक ने अमेरिकी युवती से रचाई शादी

### अमरकंटक में भारतीय रीति-रिवाजों से संपन्न हुआ विवाह



पेंड्रा। जिले के पेंड्रा शहर के एक युवक ने गुरुवार को अमेरिकी युवती से भारतीय परंपराओं के अनुसार विवाह कर अंतर्राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय की मिसाल पेश की। यह विवाह अमरकंटक स्थित नर्मदे आनंदम रिसॉर्ट में विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ।

पेंड्रा निवासी रमेश साहू के पुत्र अंकित साहू ने अमेरिका की कायला से विवाह किया। अंकित साहू इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए अमेरिका के मिलवोकी गए थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद वे एक प्रतिष्ठित कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। इसी दौरान उनकी मुलाकात कायला से हुई, जो अमेरिका की एक कंपनी में मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में पार्ट्स डिजाइनिंग का काम करती हैं। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम हो गया और दोनों ने आपसी सहमति से विवाह का निर्णय लिया, और 5 फरवरी को उनका विवाह भारतीय पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।

#### अमेरिका से पहुंचे लड़की के परिजन

इस अवसर पर वधू पक्ष से लगभग डेढ़ दर्जन परिजन अमेरिका से अमरकंटक पहुंचे थे, वहीं वर पक्ष से भी बड़ी संख्या में रिश्तेदार और शुभचिंतक मौजूद रहे। समारोह हर्षोल्लास, उल्लास और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

#### सोशल मीडिया पर चर्चा

भारतीय युवक और अमेरिकी मूल की युवती के इस विवाह की सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा हो रही है। लोग इस विवाह की सराहना कर रहे हैं और इसे भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक बता रहे हैं। समारोह के दौरान विदेशी मेहमानों और नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें लेने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया।

### हड़गांव व देवरहट में लगी जन जोहार चौपाल

लोरमी। ग्राम हड़गाव एवं देवरहट में भाजपा मंडल के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने वीबीजी-रामजी योजना को लेकर 'जन जोहार चौपाल' का आयोजन किया। चौपाल में हितग्राहियों को इसके माध्यम से मनरेगा की अनियमितताओं एवं इसके अंतर्गत स्थाई परिसंपत्तियों के निर्माण सहित ही ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं की मजबूती के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनय साहू, धनीराम यादव, दिनेश कश्पायप, देवरहट, राजेंद्र साहू, प्रदीप मिश्रा, छतु कश्यप, ललिल राजपूत, प्रदीप साहू, हीरासिंह राजपूत, सुरेंद्र साहू, कलेश्वर कश्यप, डॉ बैजनाथ साहू, बाबूराम साहू, रामवतार साहू, केदार, गंगाराम सहित पंच व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में वीबी-जी-रामजी के क्रियान्यवन पर चर्चा



मुंगेली। विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन वीबी-जी-रामजी के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को अधिनियम की विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए उन्हें सक्षम बनाना रहा। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, समस्त जिला पंचायत सदस्य, तीनों जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय सहित सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान वीबी–जी–रामजी अधिनियम 2025 के प्रमुख प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि, इस अधिनियम के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिवस तक रोजगार की गारंटी प्रदान की गई है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि के साथ–साथ उन्हें आर्थिक सुरक्षा भी प्राप्त होगी। कार्यशाला में जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास, कृषि एवं पशुपालन आधारित कार्यों के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु अनुमेय कार्यों की श्रेणियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। यह भी स्पष्ट किया गया कि, ग्राम सभाओं की भूमिका को सशक्त बनाते हुए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का चयन एवं क्रियान्वयन किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी कि वीबी-जी-रामजी योजना के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। योजना की पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, रियल टाइम मॉनिटरिंग एवं डैशबोर्ड प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे कार्यों की प्रगति पर सतत और प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे अपने–अपने क्षेत्रें में योजना के तहत जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र ग्रामीण परिवार इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठा सकें। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित कर योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के निर्देश भी दिए गए।

## मनरेगा संग्राम को लेकर कांग्रेस की बैठक



लोरमी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं डिंडोरी ब्लॉक के संयुक्त तत्वावधान में मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय केशरवानी ने सिलसिलेवार मनरेगा संग्राम की जानकारी दी।

उन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर, डिंडौरी अध्यक्ष रामस्वरूप श्याम की नियुक्ति सीधे अखिल भारती कांग्रेस कमेटी प्रदेश कमेटी की अनुशंसा पर किए जाने की बात की। इसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट का घेराव एवं विधानसभा घेराव को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालक मंडल अध्यक्ष नितेश पाठक ने किया। कार्यक्रम में हेम भार्गव, चैन सिंह, मोहर दास, चेतन खाण्डेकर, चन्द्रभान बांधी, लता वैष्णव, रामप्रकाश यादव, हेमंत मानिकपुरी, खुशबू वैष्णव, चैन सिंह, जवाहर साहू, माया रानी सिंह, पवन अग्रवाल, नन्दकिशोर वैष्णव, आदित्य वैष्णव, खुशबू वैष्णव, जगदीश चतुर्वेदी, पवन खाण्डेकर, कन्हैया जांगडे, परमेश बंजारे, साहूकार बघेल, भजनदास घृतलहरे, चन्द्धु घृतलहरे, रामु घृतलहरे, हेमप्रशाद घृतलहरे, सुखनंदन घृतलहरे, दिनेश बंजारे, संदीप दिवाकर, सुरज बंजारा, भजन दास, हिरम्बर कुर्रे, पंचराम, रंजीत घृतलहरे, अगर दास कोशले, हिरेन्द्र व्यास नारायण, सुर्यकांत जैन बारले, मनोज कुमार सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन लल्ला सिंह ठाकुर एवं रामस्वरूप श्याम ने किया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / /अति.तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 30/01/2026

ग्राम चुमकवां के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम चुमकवां प.ह.नं. 21 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 233/1, 368/3, 624/2, रकबा 0.0770, 0.0790, 0.1610 हे. एकड़ भूमि की फौती नामांतरण/ नामांतरण/ अभिलेख सुधार के लिए श्री छेदिन बाई आ. मोतीलाल निवासी चुमकवां द्वारा आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 18.02.2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 4.2.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
(पेपर प्रकाशन)

**- : ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. ग्राम बराही प.ह.नं. 10 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.
प्रति,
राबिन्सन **बनाम** छ.ग. शासन

एतद द्वारा ग्राम बराही प.ह.नं. 10 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राबिन्सन पिता दुखीतराम जाति सतनामी निवासी ग्राम बराही तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण वर्तमान में अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपनी माता विलसिया बाई पति दुखीतराम का मृत्यु दिनांक 08/11/2024 को ग्राम बराही प.ह.नं. 10 तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी तखतपुर में मामला विचाराधीन है जिसमें दिनांक 9/2/2026 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार तखतपुर**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र......../अ-6-अ/2025-26
ग्राम-अमेरी तहसील-सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक दयाराम साण्डे, पिता स्व. श्री अमृतलाल साण्डे, निवासी सांई नगर अमेरी, बिलासपुर के द्वारा ग्राम अमेरी, प.ह.नं. 43, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 322/10 रकबा 1750 भूमि के संबंध में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20/2/26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 4/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रंजन गुप्ता पिता नरेश गुप्ता उम्र 40 वर्ष, निवासी-सैदा कॉलोनी, तह.-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ। जो कि मेरे पुत्र हर्ष कुमार गुप्ता (HARSH KUMAR GUPTA) के नाम पर आधार नं. 3154 7221 6934 है और उनके जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम हर्ष कुमार गुप्ता ही दर्ज है तथा उसके कक्षा पहली से कक्षा 8वीं तक के सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका घरेलू नाम हनी कुमार (HONEY KUMAR) दर्ज हो गया है, जिसे सुधार कर उसका वास्तविक नाम हर्ष कुमार गुप्ता (HARSH KUMAR GUPTA) दर्ज किया जावें तथा आगे के समस्त दस्तावेजों में उसका यही नाम दर्ज किया जावें तथा यही नाम से पुकारा एवं जाना जावें।

सो सूचना जानें।
दिनांक : 05.02.2026

**भवदीय**
**रंजन गुप्ता पिता नरेश गुप्ता**
**उम्र 40 वर्ष**
**निवासी-सैदा कॉलोनी,**
**तह.-सकरी,**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-7987135059**

---

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग)**

**शपथ पत्र**

मैं रूबिना फातिमा, उम्र 46 वर्ष, पति शेख खलील, निवासी-गली नं. एल-3, इमाम अहमद रजा मस्जिद के सामने, फातमा मंजिल, भारतीय नगर, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं, जो निम्नकथन करती हूं कि-
1. यह कि उपरोक्त नाम व पता सत्य व सही है, मेरा आधार कार्ड क्रं.-4805 9454 9233 है।
2. यह कि मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम रूबी बेगम, पिता मोहम्द इसराईल एवं पता-बजरिया नं.-5 मंडी मस्जिद, दमोह (म.प्र.) था। 3. यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम रूबी बेगम, पिता मोहम्मद इसराईल दर्ज है जो कि मेरे विवाह के पूर्व का नाम है। 4. यह कि मेरा विवाह शेख खलील पिता शेख रसूल निवासी गली नं. एल-3, इमाम अहमद रजा मस्जिद के सामने, फातमा मंजिल, भारतीय नगर, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के साथ दिनांक 16/10/2003 को मुसलिम रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। 5. यह मैं विवाह के पश्चात से अपने पति के साथ उक्त पते पर रहते हुए अपना दांपत्य जीवन व्यतीत कर रही हूं। 6. यह कि मेरे विवाह के पश्चात मुझे रूबिना फातिमा, पति शेख खलील के नाम से जाना व पहचाना जाता है।
7. यह मेरे विवाह के पश्चात मेरे आधार कार्ड क्र. 4805 9454 9233 एवं मतदाता परिचय पत्र क्र RGP0893321 मे मेरे विवाह के पश्चात का नाम रूबिना फातिमा दर्ज है, जिसका उपयोग मेरे द्वारा समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी स्थान में किया जाता है।
अतः यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनों के समर्थन में निष्पादित कर रही हूं।

**शपथकर्ता-रूबिना फातिमा**

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ क /तह./वा./2026
बिलासपुर दिनांक 02/02/2026

ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूनाबिलासपुर प.ह.नं.36 तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा स्थित भूमि खसरा नंबर 295/2 रकबा 0.02 डिसमिल भूमि का छ.ग.भू.-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक **श्री मनोज वर्मा पिता स्व.श्री सोहन लाल वर्मा** निवासी करबला रोड जूनाबिलासपुर बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 25/02/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि विक्रेता रामू यादव पिता राम खिलावन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य में नगर पालिका निगम बिलासपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम- अमेरी, प.ह.न.-43 रा.नि.म. - सकरी तह. व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) में भूमि / मकान स्थित है जिसका खसरा नं. 48 / 2 /ख / 23 क्षेत्रफल 0.0140 हे. 1575 वर्गफीट / 146.375 वर्गमीटर भूमि/मकान है मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि / मकान को क्रय किये जाने का सौदा किया जाकर बयाना राशि प्रदान कर अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जा चुका हैं और पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष हैं।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि / मकान के स्वत्व, स्वामित्व, अधिकार हित व आधिपत्य के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, कंपनी, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई दावा मांग या आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी न होने से अपने पक्ष में विक्रय-विलेख का निष्पादन व पंजीयन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने।
स्थान - भिलाई (छ.ग.)
दिनांक- 03.02.2026

भवदीय
**मोतीराम कोशले (अधिवक्ता)**
सिविल कोर्ट भिलाई-3, जिला न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. - 9630286780

---

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 47/RTO/26 दिनांक 16/01/2026

श्री **अशोक कुमार**(रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट कं.लि.(Financio)** है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 बीएम 9658** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, औरः
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2(3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51(5) के साथ।
तारीख.....

**Registered Authorty**
**Bilaspur(C.G)**

---

## Name Change

It is for general information that I, Ayalasomayajula Venkata Kasipathi Sastry son of Surya Narayana Ayalasomayajula resident of House No. A-204, Puja Apartment, Near Jain Mandir, Kranti Nagar, Dist. Bilaspur (Chhattisgarh) - **495001** declare that name of mine has been wrongly written as A V Kasipathi Sastry in my Aadhaar card and A V Kasipathisastry in my PAN card. That name of my father has been wrongly written as A S Narayana in my Aadhaar card and A Suryanarayana in my PAN card. The actual name of mine and my father is Ayalasomayajula Venkata Kasipathi Sastry and Surya Narayana Ayalasomayajula respectively.

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

### सायकल सवार बच्ची ने भागकर बचाई जान, घायलों को किया गया अस्पताल दाखिल

# अनियंत्रित हाइवा के चपेट में आई बाइक, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

लोरमी-कोटा मुख्य मार्ग स्थित उदयपुर के पास 5 फरवरी को तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के दौरान हाइवा ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान एक सायकल भी हादसे का शिकार हो गई। हालांकि सायकल सवार ने भाग कर अपनी जान बचा ली, लेकिन सायकल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो को जिला अस्पताल रेफर किया गया।



जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को जूनापारा चौकी क्षेत्र के ग्राम उदयपुर में सुबह 9:30 बजे कोटा तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार गिट्टी से भरी हाइवा अनियंत्रित हो गई एवं विपरीत दिशा से बाइक को टक्कर मारते हुए मुख्य मार्ग पर ही पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि, बाइक सवार सवार तीन युवक-युवती सड़क से दूर जा गिरे एवं गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि, तीनों को पैर सहित शरीर के अन्य हिस्से में गम्भीर चोटें आई हैं।आनन-फानन में बेहोशी की अवस्था में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हादसे में रामहेपुर वार्ड 15 निवासी अंजली जांगणे 16 वर्ष, प्रीति 14 वर्ष पिता सुखनंदन जांगणे एवं उनके मामा तेंदुवा मूर्तिकापा निवासी अजीत 26 वर्ष पिता अगमदास टंडन घायल हो गए। प्रीति एवं अजीत को गंभीर चोट लगने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**बच्ची ने भागकर बचाई जान**

ग्रामीणों ने बताया कि, विपरीत दिशा से सायकल से आ रही गांव की बच्ची ने हाइवा की तेज रफ्तार देखकर सायकल छोड़कर अपनी जान बचाकर भागी, लेकिन हादसे में उसकी सायकल चकनाचूर हो गई।

**मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति**

- गिट्टी से भरे हाइवा के मुख्य मार्ग पर पलटने कुछ देर तक सड़क जाम की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को सुरक्षित उठावाकर चौकी में खड़ा कराया।

**चालक पर होगी कार्रवाई**

घायलों को लोरमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, हाइवा को घटना स्थल से उठा कर मामले में अपराध कायम कर पुलिस चालक के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है।

- **संजीव ठाकुर**, जूनापारा चौकी प्रभारी

## स्वास्थ्य जांच व आभा आईडी बनाने लगा शिविर

**मुंगेली**। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत में स्वास्थ्य जांच एवं आभा आईडी बनाए जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ब्लड प्रेशर, शुगर जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। साथ ही कलेक्टर कार्यालय मुंगेली में 18 एवं कार्यालय जिला पंचायत मुंगेली में 55 कुल 73 आभा आईडी भी बनाई गई, जिससे भविष्य में डिजिटल माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया जा सकेगा। शिविर में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई।

## धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है बागदाई मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्राम नुनियाकछार में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय बागदाई मेला का भव्य शुभारंभ धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ किया गया। मेला के प्रथम दिन मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार शामिल हुए। उन्होंने मां बागदाई के दर्शन कर जिलेवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जनपद पंचायत एवं क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने कहा कि बागदाई मेला केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों से हमारी परंपराएं जीवित रहती हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने शासन




की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से आह्वान किया कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए सभी को जागरूक होना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मेला समिति के अध्यक्ष विश्वराज सिंह परिहार ने बागदाई धाम में बाउंड्रीवाल एवं भव्य प्रवेश द्वार निर्माण की मांग रखी, जिस पर जनपद अध्यक्ष ने शीघ्र ही इसे पूरा कराने का आश्वासन दिया। अन्य जनपद प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बागदाई मेला का आयोजन प्रतिवर्ष नवरात्रि, दशहरा एवं माघी पूर्णिमा जैसे पावन अवसरों पर किया जाता है, जो क्षेत्र की धार्मिक पहचान बन चुका है।

## दुर्ग-निजामुद्दीन चलेगी दो फेरे के लिए

बिलासपुर रेल प्रशासन ने होली के दौरान यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए बिलासपुर से चर्लपल्ली के बीच एक फेरे और दुर्ग से निजामुद्दीन के बीच दो फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यात्रियों की सुविधा एवं भीड़ भाड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन बिलासपुर–चर्लपल्ली और चर्लपल्ली से बिलासपुर स्पेशल ट्रेन का 1 फेरे के लिए परिचालन करेगी। यह स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 27 फरवरी एवं चर्लपल्ली से 28 फरवरी को चलेगी। स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 8 स्लीपर, 3 एसी-थ्री, एक एसी-टू सहित कुल 18 कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 08263 बिलासपुर–चर्लपल्ली स्पेशल बिलासपुर से 8.15 बजे रवाना होकर भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, वडसा, चांदाफोर्ट, बलहारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, काजीपेट जंक्शन होते हुए 23.50 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08264 चर्लपल्ली–बिलासपुर स्पेशल चर्लपल्ली से 5 बजे रवाना होकर 22.30 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। इसके अलावा यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग–निजामुद्दीन–दुर्ग के मध्य दो-दो फेरों के लिए होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग–निजामुद्दीन होली फेस्टिवल स्पेशल दुर्ग से 1 एवं 2 मार्च को दो फेरे चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08752 निजामुद्दीन–दुर्ग होली फेस्टिवल स्पेशल निजामुद्दीन से 2 एवं 3 मार्च को 2 फेरे के लिए चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है। समय सारिणी के अनुसार गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग–निजामुद्दीन होली स्पेशल दुर्ग से 10.45 बजे रवाना होकर रायपुर, उसलापुर दोपहर 13.20 बजे, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, दूसरे दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट, मथुरा, 11.10 बजे निजामुद्दीन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08752 निजामुद्दीन–दुर्ग होली स्पेशल निजामुद्दीन से 12.30 बजे रवाना होकर उस्लापुर 14.10 बजे होते हुए 18.20 बजे दुर्ग पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में एक पावर कार, एक एसएलआरडी, चार सामान्य, 7 स्लीपर, 5 एसी-थ्री, एक एसी-टू एवं एक एसी-फर्स्ट सह एसी-टू सहित कुल 20 कोच उपलब्ध रहेंगे।

## साय सरकार ने खरीदा धान का एक-एक दाना

**तखतपुर**। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने बिलासपुर जिले की विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक कार्य करते हुए पूरे जिले में किसानों का एक-एक दाना धान पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ खरीदा है।

■ भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष ने किसानों से किया संवाद

दिनेश राजपूत ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। धान खरीदी की प्रक्रिया सुव्यवस्थित रही, किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और उनकी उपज का भुगतान भी समय पर किया गया, जिससे किसान वर्ग अत्यंत प्रसन्न एवं उत्साहित है। उन्होंने सिलपहरी,



हरदी, बहतराई एवं पोड़ी खरीदी केंद्रों का अवलोकन करते हुए बताया कि, किसानों ने अवलोकन के दौरान बताया कि दो दिन पूर्व ही सभी पंजीकृत किसानों का धान पूर्ण रूप से खरीदा जा चुका है। किसी भी किसान का टोकन लंबित नहीं है और किसी के पास धान शेष नहीं है।दिनेश राजपूत ने बताया कि, सरकार की ओर से खरीदी अवधि दो दिन और बढ़ाई गई थी, लेकिन जिले में पहले ही लगभग संपूर्ण खरीदी हो चुकी थी। अतिरिक्त दिनों में केवल बहतराई केंद्र में 14 क्विंटल एवं पोड़ी केंद्र में 18 क्विंटल धान ही किसानों लाया गया, जो सरकार की प्रभावी व्यवस्था का प्रमाण है। अवलोकन के दौरान किसान मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश कौशिक, जिला मंत्री धर्मेंद्र चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष मन्नू यादव, राजकमल साहू, उमाशंकर कौशिक, राकेश भोंसले, विरज यादव, रमन कौशिक, रामायण रजक, संतोष साहू, गिरीश यादव, रुक्मणी खंडे, प्रदीप कौशिक, अनिल निषाद, रमेश पांडे, विजय पांडे, मणि शंकर, प्रफुल्ल साहू, गोविंद कौशिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

## सरपंच को हटाने कलेक्टर को सौंपा गया आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम पंचायत सागर में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की जांच में अनियमितता पाए जाने पर सरपंच को हटाने की मांग को लेकर उपसरपंच एवं पंचों ने कलेक्टर को आवेदन दिया है।

कलेक्टर को सौंपे आवेदन में उल्लेख किया गया कि, ग्राम पंचायत सागर में सरपंच अंजू लता पांडेय के द्वारा चेकडेम निर्माण एवं प्राथिमक स्वास्थ्य केंद्र भवन की रिपेयरिंग कराई गई, जिसमें अनियमितता सामने आई है। दरअसल कांक्रीट की जगह बोल्डर डालकर काम कराया जा रहा है। नींव को चार फीट कांक्रीट के साथ ढलाई कराना था, परंतु एक फीट कराया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य केंद्र में मरम्मत के लिए पूर्व में 8 लाख रूपए स्वीकृत हुए थे, उसके बाद भी फिर से रिपेरिंग के लिए त्रुटिवश 9 लाख 50 हजार रूपए जारी कर राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। ज्ञापन में इसे निरस्त रप दोनों बिंदूओं पर जांच कर सरपंच के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। आवेदन देने वालों में उपसरपंच बाबू लाल सहित विजय करूणे, किशोर सागर, खुलेश्वरी, महेंद्र, लक्ष्मीन,भरत लाल, ईश्वरी, अनिल, सुरेंद्र तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

# एटीआर के खाली सौसर में टैंकर से पानी भरकर बुझाई जा रही वन्यजीवों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियों के पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्रबंधन ने काम की शुरुआत कर दी है। इसके तहत एटीआर के खाली सौसर में टेंकर से पानी भरकर वन्यप्राणियों की प्यास बुझाई जा रही है।

■ वन्यप्राणियों की समस्या को देखते हुए किया जा रहा है काम

फरवरी के पहले सप्ताह से दोपहर में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। दोपहर की तेज धूप भीषण गर्मी के कारण पानी की जरूरत अधिक होने लगी है। इसमें सबसे अधिक समस्या वन्यप्राणियों को रहती है, जो जंगल में पानी नहीं मिलने के कारण गांव की ओर आ जाते हैं। इन वन्यप्राणियों के गांव में आने के बाद उनका शिकार भी हो जाता है। इसी तरह का हाल अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी हो गया है। एटीआर के जंगल में पेड़ अधिक होने के कारण भीषण गर्मी से थोड़ी राहत तो है, लेकिन पानी की समस्या जंगल में भी होने लगी है। अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में मांसाहारी



और शाकाहारी वन्यप्राणियों के पानी की समस्या को दूर करने के लिए 200 से 500 मीटर की दूरी के बीच सौसर भी बनाए गए हैं, जो वर्तमान में सूखने लगे हैं। सौसर में पानी नहीं होने के कारण जंगल के अंदर में रहने वाले वन्यप्राणी भी गांव की ओर आना शुरु हो गए हैं। इसकी वजह से एटीआर प्रबंधन को भी अब चिंता सताने लगी है। वन्यप्राणियों को होने वाली पानी की समस्या को दूर करने के लिए अब एटीआर प्रबंधन ने खाली हो रहे सौसर में टेंकर से पानी लाकर भरना शुरु कर दिया है, ताकि वन्यप्राणियों को भीषण गर्मी पानी के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता न पड़े और सौसर से उनकी प्यास बुझ सके। इसके अतिरिक्त एटीआर लोरमी के 914.017 वर्ग किलोमीट क्षेत्र में 400 से अधिक प्राकृतिक एवं कृत्रिम जलस्त्रोतों में ग्रीष्मकाल के पीक सीजन में जल उपलब्धता पूर्व सर्वेक्षित हैं।

**400 से अधिक प्राकृतिक जलस्रोत**

अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में वन्यप्राणियों को होने वाली पानी की समस्या को दूर करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। एटीआर में 400 से अधिक प्राकृतिक जलस्रोत हैं। इसके अलावा 131 सौसर में टेंकर से पानी लाकर भरने का भी काम हो रहा है।

-**यूआर गणेश**
डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

**131 सौसर**

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर और बफर जोन में शाकाहारी और वन्यप्राणियों की संख्या काफी अधिक हैं। इसके साथ ही पिछले एक साल से प्रबंधन टाइगर और टाइग्रेस की संख्या में बढ़ोत्तरी का भी दावा कर रहा है। एटीआर में 7 वन परिक्षेत्र हैं, जिसमें चार कोर में और 3 बफर में बने रेंज में सभी वन्यप्राणियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए 131 सौसर एटीआर में बनाए गए हैं। इसमें प्रति 3 दिन के अंतराल में टेंकर से पानी लाकर भरने का काम किया जा रहा है।

**बनाया गया है प्रभारी**

एटीआर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर और बफर जोन के सभी वन परिक्षेत्र में बने सौसर में पानी की उपलब्धता एनटीसीए के मापदंड के अनुसार उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए विशेष रूप से प्रभारी भी बनाए गए हैं, जो मौके पर पहुंचकर वन्यप्राणियों के लिए उपलब्ध कराए गए पानी को देखेंगे। इन प्रभारियों से प्रतिदिन सभी सात रेंज के रेंजर जानकारी लेने के बाद उच्चाधिकारियों तक रिपोर्ट देंगे। इसके अलावा जीआईएस से भी टेंकर की जियो ट्रैकिंग कर समीक्षा भी की जाएगी।

## मेडिकल कैशलेस सुविधा को बजट में शामिल करने की मांग

**पेंड्रा**। छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए मेडिकल कैशलेस सुविधा लागू करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ ने जिले में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठन की ओर से आगामी बजट में मेडिकल कैशलेस सुविधा को शामिल करने एवं इसे प्रदेशभर में शीघ्र लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन अभियान के तहत 2 फरवरी से 5 फरवरी तक पूरे प्रदेश में विधायक, मंत्री एवं कलेक्टरों के माध्यम से शासन तक अपनी बात पहुंचाई जा रही है। इसी अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जीपीएम में ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि, महंगाई के इस दौर में कर्मचारियों को इलाज कराने में भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गंभीर बीमारियों की स्थिति में कर्मचारियों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है और कई बार अपनी जमा पूंजी, बच्चों की पढ़ाई व भविष्य के लिए रखी गई बचत, यहां तक कि जमीन और बिटिया की शादी के लिए बने गहने तक बेचने की नौबत आ जाती है। कई मामलों में कर्मचारियों को मजबूरी में ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता है। संगठन ने यह भी बताया कि, एसईसीएल एवं भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारियों को पूर्ण कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्राप्त है, जिससे वे मानसिक रूप से निश्चिंत रहते हैं, जबकि राज्य के शासकीय कर्मचारियों को ऐसी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। संगठन के अनुसार पूर्व में भी विधानसभा सत्रों के दौरान कई विधायकों ने मेडिकल कैशलेस सुविधा लागू करने को लेकर प्रश्न उठाए थे, जिस पर शासन ने प्रक्रिया जारी होने की बात कही थी। संगठन को आशा है कि, इस बार शासन कर्मचारियों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कोई ठोस निर्णय लेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के संस्थापक सदस्य एवं प्रदेश संयोजक पीयूष कुमार गुप्ता, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक डॉ संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनवानी, महासचिव अजय चौधरी, समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष दिनेश राठौर, गौरेला ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, पेंड्रा ब्लॉक अध्यक्ष परसराम चौधरी, के चंद्रशेखर सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन



**तखतपुर**। तखतपुर अनुभाग में स्थाई अनुविभागीय अधिकारी नियुक्ति करने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि, तखतपुर अनुविभाग में स्थाई अनुविभागीय अधिकारी नहीं होने से बहुत से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। खासकर न्यायालयीन प्रकरण ज्यादा लंबित है, जिनकी सुनवाई ही नहीं हो पा रही है। ऐसे में यदि एक सप्ताह के अंदर के स्थाई अनुविभागीय अधिकारी की पदस्थापना नहीं की गई तो, अधिवक्ता संघ तखतपुर के द्वारा पक्षकारों सहित बहिष्कार किया जाएगा। ज्ञान सौंपने वालों में अध्यक्ष सत्येंद्र जायसवाल, दुर्गा ठाकुर, रघुनंदन दीवान, दिलीप क्षत्री, संजू मिश्रा, पारथ सिंह ठाकुर, आवेश जा, दीपक देवांगन, विक्की यादव, हिरेंद्र कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधियों से दवा सेवन के साथ सहभागिता की अपील

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

**मुंगेली**। फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव एवं नियंत्रण के लिए जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना तथा आमजन को इस रोग के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों को दवा सेवन करने के साथ सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप देश को 2030 तक फाइलेरिया मुक्त बनाना है। जिले में 8 लाख 51 हजार 895 से अधिक लोगों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर ने कहा कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी का पूर्ण इलाज कहीं भी



संभव नहीं है, इसका समय रहते रोकथाम ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने अभियान में मीडिया प्रतिनिधियों की सहभागिता व दवा सेवन के साथ ही आमजनों को फाइलेरिया की दवाई का सेवन अवश्य करने हेतु जागरूक करने के लिए मीडिया प्रतिनिधियों को प्रेरित किया। इस दौरान फाइलेरिया जागरूकता वीडियो दिखाकर लोगों को सामूहिक दवा सेवन में शामिल होने अपील की गई। कलेक्टर ने फाइलेरिया रोधी दवाओं के वितरण एवं सेवन की प्रक्रिया का डिमांस्ट्रेशन भी देखा और स्वयं अपनी ऊंचाई नपवाकर यह संदेश दिया कि, दवा की सही मात्र निर्धारित मानकों के अनुसार ही ली जानी चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, अभियान अंतर्गत 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी नागरिकों को डीईसी, एल्बेंडाजोल एवं आईवरमेक्टिन दवा का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 1 हजार 790 दल के 3 हजार 580 से अधिक सदस्यों द्वारा दवा सेवन कराया जाएगा। अभियान के दौरान प्रथम चरण अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा 10 से 12 फरवरी तक स्कूलों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ियों आदि शैक्षणिक संस्थानों में दवा सेवन कराया जाएगा। इसी तरह द्वितीय चरण में 13 से 22 फरवरी तक घर-घर जाकर तथा 23 से 25 फरवरी तक छूटे हुए लोगों को मापअप राउंड अंतर्गत दवा सेवन कराया जाएगा।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत समन्वय बैठक



पथरिया। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित सामूहिक दवा सेवन गतिविधि के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 2 फरवरी को विकासखंड स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक एसडीएम एवं अनुविभागीय अधिकारी रेखा चंद्रा की अध्यक्षता में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पथरिया के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम के सुचारु संचालन, जनजागरूकता, दवा वितरण, विभागीय समन्वय एवं क्षेत्रवार जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक दवा पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यालय अधिकारी जनपद पंचायत पथरिया प्रदीप कुमार प्रधान, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित लाल, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी सरगांव घनश्याम शर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी बीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी कोसले, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक निमिष मिश्रा, खाद्य निरीक्षक दीपाली सिंह, आरएमए अमोरा कमलेश पाली, आरएमए रामबोड सुमित टंडन, आरएमए भटगांव वीना टंडन, आरएमए सिलदहा नीरज घृतलहरे, शिक्षा विभाग से बीआरसी अशोक यादव, नगर पंचायत पथरिया से आकाश देवांगन, पीसीआई से शादिक अली आजमी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जनसहभागिता और जागरूकता को अत्यंत आवश्यक बताया गया।

## खबर संक्षेप

### महिला पर दो युवकों ने चाकू से किया हमला

**बिलासपुर।** स्कूटी से घर जा रही महिला पर अचानक स्कूटी सवार दो युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके कंधे में चोट आई है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, शंकरनगर वैशाली टावर निवासी ज्योति सिंह 5 जनवरी की शाम 6 बजे स्कूटी से अपने घर जा रही थी। शंकरनगर नकटी भवानी मंदिर के पास अचानक स्कूटी सवार दो युवक आए और चलती गाड़ी से उन पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे श्रीमती सिंह के कंधे में चोट आई है। वे स्कूटी रोककर चिल्लाने लगीं, जिससे लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की सूचना तोरवा पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। पुलिस सरगर्मी से क्षेत्र में हमलावरों की तलाश में जुट गई है।

### गश्त के दौरान वनरक्षक से मारपीट, 2 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** गश्त के दौरान वनरक्षक से रास्ता रोककर मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, वनरक्षक कृपानंद जांगड़े पिता लखन जांगड़े 34 साल वन परियोजना परिक्षेत्र भैंसाझार में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बीच रास्ता में कार खड़ी कर मार्ग अवरूद्ध कर 4 लोग शराब पी रहे थे। उन्होंने रास्ते से हटने के लिए कहा तो चारों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने वनरक्षक की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 126, 2, 121, 1, 132, 351, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर बीरबल यादव पिता लक्ष्मण यादव 37 साल मौहारखार कोटा, राजा यादव पिता रामरतन यादव 27 साल दूरपा बाराद्वार को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य दो हमलावर पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### झांसा देकर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नौकरी लगाने का झांसा देकर 5 लाख 25 हजार की ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, दयालबंद निवासी अभय किशोर तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई। 2022 में वे यहां रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दयालबंद नारियलकोठी निवासी राकेश कुमार देवांगन उर्फ दुर्गेश पिता भेखूराम देवांगन ने उनसे मिलकर आईटीआई कुरूद में टीचर बताकर सिविल जज की तैयारी करना बताया। जान होने पर उसने वर्ष 2025 में अमीन पटवारी का पद पर नौकरी लगाने की बात कहते हुए अभय किशोर से 4 लाख रुपए यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर लिया। उसके बाद 1 लाख 25 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी कर लिया था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318, 4, 338, 336, 3, 340,2, 341, 2 के तहत आरोपी राकेश कुमार देवांगन को गिरफ्तार कर लिया है।

### आग की घटना रोकने दी गई समझाइश

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर में फायर सीजन के दौरान जंगल को आग की घटना से बचाने के लिए ग्रामीण एरिया में शिविर और प्रशिक्षण के माध्यम से समझाइश देना शुरू कर दिया गया है। इसके तहत गुरुवार को बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देश पर कोटा रेंज में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि वन समिति के अध्यक्ष जोसे लालजी के अलावा उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन, स्थायी वन एवं पर्यावरण समिति की सभापति उर्मिला प्रधान, वन परिक्षेत्र अधिकारी व समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में कोटा क्षेत्र के जंगल में आग से बचाव हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला की गई। इसमें जंगलों को आग से बचाने और आग से होने वाले नुकसान के संबंध में विस्तृत चर्चा कर वन समिति के साथ अवैध चराई कटाई एवं आग से बचाव हेतु जंगल के संरक्षण व संवर्धन के संबंध में समझाइश ग्रामीणों को दी गई।

**आज निकाली जाएगी प्रश्नों की लॉटरी** | निगम में चार महीने बाद होने जा रही सामान्य सभा

# सामान्य सभा के लिए विपक्ष से अधिक भाजपा पार्षदों ने दागे सवाल

**बिलासपुर।** नगर निगम में करीब चार महीने बाद सामान्य सभा होने जा रही है, इसलिए पार्षदों ने प्रश्नों की झड़ी लगा दी है। मजेदार बात यह है कि विपक्ष कांग्रेस से ज्यादा सत्तापक्ष भाजपा के पार्षदों ने सवाल दागे हैं। सामान्य सभा के लिए कुल 33 पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं, जिनकी लॉटरी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे विकास भवन में महापौर, सभापति एवं नेता प्रतिपक्ष की उपस्थिति में निकाली जाएगी।

नगर निगम में 13 फरवरी को सामान्य सभा रखी गई है, जिसके लिए निगम द्वारा सभी पार्षदों से प्रश्न मंगाए गए थे। इसमें प्रश्न लगाने वालों में विपक्ष कांग्रेसी पार्षदों के मुकाबले भाजपाई आगे निकल गए हैं। कांग्रेस के 13 पार्षदों ने सामान्य सभा के लिए प्रश्न लगाए हैं जबकि सत्तापक्ष भाजपा के 20 पार्षदों द्वारा प्रश्न लगाया गया है। इस तरह कुल 33 पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं और एक-एक पार्षदों द्वारा दो-दो प्रश्न के हिसाब से कुल 66 प्रश्न आएंगे। इन प्रश्नों की लॉटरी शुक्रवार को निगम के जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में निकाली जाएगी।




### पार्षदों ने पूछे इस तरह के सवाल

सामान्य सभा के लिए पार्षदों द्वारा तरह-तरह के प्रश्न किए गए हैं। इनमें पेयजल संकट पानी समस्या, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, आवास समस्या, सीवरेज पाइप लाइन, तालाब सौंदर्यीकरण कार्य से संबंधित, खराब सड़क, सीसी रोड निर्माण, मूलभूत सुविधाओं की कमी, अमृत मिशन योजना, स्ट्रीट लाईट नहीं जलने, टैक्स वसूली, मंगला में कचरा डंपिंग, साफ-सफाई समस्या सहित निर्माण एवं विकास कार्यो आदि के प्रश्न शामिल हैं।

### अक्टूबर में हुई थी सामान्य सभा

इससे पूर्व नगर निगम में 6 अक्टूबर 2025 को सामान्य सभा देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में हुई थी। इस तरह से करीब चार महिने बाद निगम में फिर से सामान्य सभा होने जा रही है, जिसे लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के पार्षद उत्त्साहित नजर आ रहे हैं। बीच में निगम सभापति विनोद सोनी एवं नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने सामान्य सभा कराने महापौर श्रीमती पूजा विधानी सहित निगम आयुक्त को पत्र भी लिखा था।

## विरोध में कांग्रेस गिफ्ट करेगी मोमबत्ती व लालटेन

शहर में जगह-जगह बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। शहर कांग्रेस कमेटी ने निगम प्रशासन को तीन दिनों के भीतर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ठीक करने कहा है, अन्यथा कांग्रेस द्वारा निगम प्रशासन को मोमबत्ती और लालटेन गिफ्ट किया जाएगा।

- कांग्रेस ने निगम को स्ट्रीट लाइट ठीक करने तीन दिनों की दी चेतावनी

शहर में जगह-जगह स्ट्रीट लाइट बंद पड़े है, जिसे लेकर अब शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर नगर निगम अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक की संख्या में बिलासपुर की स्ट्रीट लाइट या तो काम नहीं कर रही है या बंद पड़ी हुई है। सड़क किनारे लगे कई स्ट्रीट लाइट बदहाल स्थिति में है जिसका सुधार करना अत्यंत आवश्यक है। रात में शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निगम के स्ट्रीट लाइट का बंद होने से कई प्रकार के दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। इसलिए शहर के सभी स्ट्रीट लाइट को तत्काल दुरूस्त करने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन मंत्री एवं बिलासपुर जिला प्रभारी अरुण साव है फिर भी बिलासपुर में लचर व्यवस्था बनी हुई है। नगर निगम तीन दिवस भीतर समस्त स्ट्रीट लाईट को मरम्मत और दुरुस्त करवाए ताकि किसी तरह की दुर्घटनाओं और असुविधा से बचा जा सके। शहर कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्ट्रीट लाईट को मरम्मत नहीं कराया जाता है तो शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर निगम कार्यालय जाकर निगम प्रशासन को मोमबत्ती और लालटेन गिफ्ट किया जाएगा।

**सरजू बगीचा गली में हुए निर्माण कार्य में की गई गड़बड़ी**

# निगम का कमाल: बना दी 7 इंच ऊंची नाली, पूरे इलाके में भरेगा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सरकारी रूपयों की बर्बादी करने में निगम के इंजीनियर और ठेकेदारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। हाल ही में वार्डों में नाली निर्माण और सड़क निर्माण किया जा रहा है, लेकिन इसमें भी भर्राशाही हावी है। वार्ड नंबर 32 सरजू बगीचा सुक्कू बाड़ा में किए गए नाली निर्माण में खुल लापरवाही बरती गई है। पूर्व की 15 इंच गहरी नाली को तोड़ 7 से 8 इंच ऊंची नाली बनाई गई है। यह कारनामा नगर निगम के इंजीनियरों की देख रेख में किया गया है, जिससे बारिश के मौसम में पानी भरने की मुसीबत मोहल्लेवासी को भुगतना तय है।

दरअसल मोहल्ले में 15 इंच गहराई की नाली मौजूद थी, नियमित सफाई होने पर कभी पानी निकासी की समस्या मोहल्ले वासियों को कभी नहीं हुई है लेकिन सरकारी रूपयों की बंदरबांट में लगे अधिकारी, ठेकेदार और छुटभईयां नेताओं ने मिलकर पहले तो बनी बनाई नाली को तोड़ नई नाली बनाई है। 20 इंच चौड़ी की नाली बनाने का प्रस्ताव पास कराया गया और काम शुरू कर दिया, लेकिन ठेकेदार व इंजीनियर ने मिलकर नगर निगम को जमकर चूना लगाया है। मौके पर नालियां असामान्य चौड़ाई की बनाई गई है। ठेकेदार ने रूपए बचाने के लिए महज 15 और 12 इंच चौड़ी नाली बनाई है। ऐसे में नाली में कचरा आते ही बरसाती पानी सीधे लोगों के घरों में घुसने की नौबत आएगी। मुहल्ले के लोगों ने निगम के अधिकारियों को बार-बार चेताया लेकिन ठेकेदार को खुली छूट देते हुए अधिकारियों ने आंखें मूंद ली है।



### नालियों में दबी हैं लकड़ियां

नाली निर्माण में प्लाई और लकड़ी लगाई गई है, लेकिन स्लैब बनाने के बाद ठेकेदार ने अपनी गलती छिपाने के लिए बिना लकड़ियों को निकाले नालियों में ढक्कन लगा दिया गया है। जिससे भविष्य में कचरा जमा होने की आशंका बनी हुई है। ऐसा ही वाक्या पिछले साल बारिश के दिनों में देखने को मिला था जब मसानंगज की मुख्य सड़क पर बारिश का पानी बेहने लगा था, उस दौरान भरी बरसात में नालियों को खोदकर लकड़ी निकाली गई थी।

### अतिक्रमण हटाए बिना बना दी सड़क

नाली और सड़क निर्माण के लिए नियमों को जमकर अनदेखी की गई है। नेताओं का संरक्षण पाने के लिए निगम के लाखों रूपए बर्बाद कर दिए गए हैं। मोहल्ले में कई लोगों के द्वारा नगर निगम और नजूल जमीन, सड़क पर जबरिया कब्जा कर लिया गया है। इस दौरान चबूतरें बनाए गए है। जिससे लोगों को आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी अतिक्रमण हटाने में पीछे रह गए हैं।

### की जाएगी कार्रवाई

नालियों में लकड़ी छोड़ देना सही नहीं है। निर्माण में लापरवाही पर ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने संबंधितों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा।

-**प्रकाश सर्वे**, कमिश्नर, ननि

## शहर में शामिल फिर भी कच्ची सड़क से हो रही निस्तारी, लोगों में आक्रोश



मोपका सिटी पार्क कालोनी में रहने वाले लोगों को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी की सड़क जर्जर होकर खस्ताहाल हो चुकी है। लोगों के बार-बार शिकायत के बाद भी सरकारी महकमा सड़क की सूरत सुधारने को तैयार नहीं है। ऐसे में लोगों में अब आक्रोप पनपने लगा है। लोगों का कहना है कि जल्द ही सड़क की समस्या हल नहीं होने पर मुख्य सड़कों पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

मोपका क्षेत्र के ज्यादातर हिस्से नगर निगम में शामिल है, शहर से लगा हुआ इलाका होने के कारण यहां तेजी से बसावट हो रही है लेकिन सुविधाओं के मामले में यह अभी पिछड़ा हुआ है। सिटी पार्क कालोनी की सड़क कच्ची है। रोजाना सड़क पर धूल के गुब्बार उड़ते है, जिससे हर आने जाने वाले को तकलीफ हो रही है लेकिन प्रशासन और नगर निगम को कई बार अच्छी सड़क बनाने की मांग स्थानीय लोगों के द्वारा की गई है। हाल ही में रहवासियों ने पार्षद से मिलकर सड़क बनाने की मांग की है। लोगों ने कहा कि सालों से सड़क बदहाल है, बारिश के दिनों में हालत दयनीन हो जाती है, घरों में पानी भरने की नौबत आती है। ऐसे में सड़क दुरूस्त किया जाना आवश्यक हो चुका है।




## महिलाओं के लिए बना स्वास्थ्य केन्द्र, मिलता है सिर्फ आश्वासन

**कागजों में 4 स्वास्थ्यकर्मियों की है ड्यूटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

गांवों में गर्भवती महिलाओं की समस्याओं को देखते हुए मातृत्व आश्वासन स्वास्थ्य केन्द्र बनाए गए हैं, लेकिन ज्यादातर केन्द्रों में स्वास्थ्यकर्मी नदारद रहते हैं। हालत यह है कि सुबह 10 से 5 की ड्यूटी देने वाला कोई कर्मचारी यहां मौजूद नहीं होता है। जिसके चलते लोगों को इलाज के लिए शहर पहुंचना पड़ता है।

- तखतपुर ब्लॉक के राजपुर का मामला

तखतपुर ब्लॉक के स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत सबसे अधिक खराब है। सरकारी फंड से स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा प्रसव पीड़िता व गर्भवती मिलाओं के लिए बनाए गए आयुष्मान मातृत्व आश्वासन केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है। हालत यह है कि कई केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मी तक मौजूद नहीं रहते हैं, वहीं कई केंद्र 15 दिनों तक नहीं खुलते हैं। ऐसे में इलाज के लिए लोगों को भटकना पड़ता है। ताजा मामला तखतपुर ब्लॉक के राजपुर का है, जहां स्वास्थ्यकर्मी हमेशा नदारद रहते हैं। गांव वालों का कहना है कि यहां कभी-कभार ही स्वास्थ्यकर्मी व नर्स पहुंचती है। ऐसे में स्वास्थ्य केन्द्रों के औचित्य पर ही सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां 4 स्वास्थ्यकर्मियों की पदस्थापना दी गई थी, लेकिन इसमें से 2 स्वास्थ्यकर्मियों ने अपना अटैचमेंट करा लिया है, जिसके चलते अब यहां ताला लग चुका है।

### चल रही है डॉक्टर व स्टाफ की ट्रेनिंग

वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिन सेंटरों में स्वास्थ्यकर्मी नहीं हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कर्मचारियों को भेजा जाता है। राजपुर में एक सीएचओ, आरएचओ की पदस्थापना है। वर्तमान में ट्रेनिंग जारी है, जिसके चलते वे नहीं पहुंच पाए हैं। ट्रेनिंग खत्म होते ही सभी ड्यूटी देंगे।

-**डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ

# सकरी व राजकिशोरनगर में रजिस्ट्री आफिस खोलने की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

आम नागरिकों को रजिस्ट्री एवं पंजीयन से जुड़ी सेवाएं सहज, सुलभ और समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा जिले में दो और उप पंजीयक कार्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

- ग्रामीण अंचल के पक्षकारों को मिल सकेगी सुविधा

सकरी एवं राजकिशोर नगर में स्थापित होने वाले कार्यालयों से आसपास के ग्रामीण अंचलों के पक्षकारों को बड़ा लाभ हो सकेगा। इस संबंध में काफी पहले से कवायद की जा रही थी। आखिरकार शासन द्वारा इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई। नए उप पंजीयक कार्यालयों के खुलने से संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों को रजिस्ट्री कार्य के लिए दूरस्थ जिला मुख्यालयों तक नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और धन की बचत होगी, भीड़ कम होगी तथा पंजीयन प्रक्रिया अधिक सुगम और पारदर्शी बनेगी।

इसके अलावा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और प्रशासनिक कार्यों में गति आने की भी संभावना है। स्थापित होने वाले इन कार्यालयों में भी ऑटो डीड जनरेशन, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन, घर बैठे रजिस्ट्री, स्वतः नामांतरण, ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाणपत्र, एकीकृत कैशलेस भुगतान, व्हाट्सएप आधारित सेवाएं, डिजीलॉकर एकीकरण, डिजी-डॉक सेवा तथा खसरा नंबर के माध्यम से ऑनलाइन सर्च एवं रजिस्ट्री डाउनलोड की सुविधाएं भी शामिल होंगी।

### रजिस्ट्री का मॉडल ऑफिस भी जल्द

रजिस्ट्री विभाग का मॉडल आफिस भी भारतीय नगर में आकार ले रहा है। सूत्रों के अनुसार होली के आसपास यह पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। मॉडल ऑफिस पूरी तरह हाईटेक होगा, जिसे कार्पोरेट ऑफिस की तरह तैयार किया जा रहा है। यहां पक्षकारों को एसी वेटिंग रूम, स्वच्छ पेयजल, वॉशरूम सहित समस्त सुविधाएं मिल सकेंगी।

# झूठी शिकायतों से सराफा कारोबारियों पर मंडाराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने सराफा व्यापारियों के खिलाफ हो रही पुलिस कार्रवाई को लेकर गंभीर चिंता जताई है। एसोसिएशन का कहना है कि अवैध और तथाकथित शिकायतों के आधार पर बिना जांच के की जा रही कार्रवाई से वर्षों से ईमानदारी से व्यापार कर रहे सराफा कारोबारियों की प्रतिष्ठा और आजीविका दोनों पर संकट खड़ा हो गया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने इस संबंध में बिलासपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से पहले मामले की विस्तृत, तथ्यात्मक और निष्पक्ष जांच की जाए। उनका कहना है कि बिना जांच सीधे कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है और इससे व्यापारिक माहौल खराब हो रहा है। कमल सोनी ने बताया कि बिलासपुर शहर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में सराफा व्यापारी अपने परिचित ग्राहकों को सोने-चांदी के आभूषण गिरवी रखकर ऋण प्रदान करते हैं, जो पूरी तरह एक वैधानिक और स्थापित व्यावसायिक प्रक्रिया है। तय समय सीमा में यदि लेनदार ऋण और ब्याज नहीं चुकाता, तो नियमों के अनुसार गिरवी रखा आभूषण व्यापारी की संपत्ति माना जाता है। इसके बावजूद कुछ मामलों में लेनदार पुराने और निपट चुके मामलों को दोबारा उठाकर पुलिस में शिकायत दर्ज करा रहे हैं।



### व्यापारियों पर दबाव बनाने की हो रही कोशिश

एसोसिएशन का आरोप है कि हाल के दिनों में सोने की कीमतों में आई तेज़ बढ़ोतरी के कारण कुछ लोग अनुचित आर्थिक लाभ के उद्देश्य से व्यापारियों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। झूठी और भ्रामक शिकायतों के जरिए पुलिस को गुमराह किया जा रहा है, जिससे निर्दोष सराफा व्यापारियों को मानसिक तनाव, सामाजिक बदनामी और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। हाल ही में बिलासपुर के कुछ ज्वेलर्स के खिलाफ सामने आई शिकायतों को भी इसी प्रवृत्ति का उदाहरण बताया गया है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि किसी भी शिकायत पर कार्रवाई से पहले यह जांच अनिवार्य की जाए कि क्या लेनदार ने निर्धारित अवधि में ऋण चुकाने का प्रयास किया था या नहीं। एसोसिएशन ने भरोसा जताया कि निष्पक्ष जांच से ही न्याय संभव है और इससे व्यापारियों का विश्वास तथा कानून व्यवस्था दोनों मजबूत होंगी।

**हरिभूमि** बिलासपुर नं. 1 **आवश्यक सूचना**

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार **हरिभूमि** के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# मारपीट की 13 दिन और बाइक चोरी की 3 दिन बाद लिखी गई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मारपीट की 13 दिन व बाइक चोरी की 3 दिन बाद पीड़ितों की थानों में एफआईआर दर्ज की गई है। थानों में हर मामले में लिखित शिकायत लेकर चलता किया जा रहा है।



तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर मधुसुदन हाईट्स निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी नारायण सिदाम 23 जनवरी को शाम 6.30 बजे सत्संग मंदिर से वापस अपने घर गए और अपार्टमेंट के अंदर गाड़ी खड़ी की। उस दौरान उनकी पत्नी बेटी बाजार जाने के लिए निकल रहे थे। उनकों वे गाड़ी दे रहे थे। उसी समय निशान कुमार पेगवार ने स्कूटी से आकर खड़ी गाड़ी कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। उनकी पत्नी व बेटी बीच बचाव करने लगे हल्ला सुनकर उनका बेटा आया। इसी दौरान सचिन कुमार भी आया और उसके साथ मिलकर मारपीट करना शुरू कर दिया। गार्ड की लाठी उठाकर उनके बेटे को मारने लगे।

श्री सिदाम ने यह भी कहा है दोनों हमलावरों ने उनसे हाइवा खरीदने के नाम पर 17 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी की थी। श्री सिदाम उस दिन रिपोर्ट लिखाने गए तो उनसे लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया था। 13 दिन बाद 3 फरवरी को उनकी रिपोर्ट पर हमलावर निशांत कुमार पेंगवार, सचिन कुमार मानिकपुरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### तीन दिन बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला धूरीपारा निवासी छोटे लाल मरावी पिता सालिकराम मरावी 41 साल 31 जनवरी की शाम 7 बजे अपनी प्लेटिना क्रमांक सीजी 10 ईजी, 7478 में महाराणाप्रताप चौक के पास शराब दुकान में गए थे। दुकान के सामने बाइक खड़ी कर आहता में शराब पीने चले गए। 8 बजे वापस बाहर आए तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। तीन दिन बाद 3 फरवरी को उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

